रोहतक

रविवार 8 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 05
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 25.6
न्यून. 7.5



07 राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप : राजा ने जीता स्वर्ण, जेरेमी को कांस्य पदक

## पीयूष गोयल बोले- 30 हजार अरब डॉलर का बाजार खुला

# भारतीय कृषि उत्पादों पर जीरो ड्यूटी किसानों-मछुआरों को बड़ा फायदा

- भारत और अमेरिका व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमत
- अमेरिका के फल व सब्जियों की भारत में एंट्री नहीं
- रत्न और फार्मा कंपनियों पर नहीं लगेगा कोई शुल्क
- कॉफी और आम का बिना टैरिफ के होगा निर्यात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क की घोषणा की तारीफ की। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि उत्पाद अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात किए जाएंगे, जबकि अमेरिका के कृषि उत्पादों को भारत में कोई टैरिफ छूट नहीं दी गई है। पीयूष गोयल ने साफ किया कि इस समझौते में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फूड को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली है। उन्होंने कहा- यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 27.18 लाख करोड़ रुपये) के बाजार को खोलेगा। इसके अलावा भारत ने अगले 5 साल में अमेरिका से 50 हजार करोड़ डॉलर (45 लाख 30 हजार करोड़ रुपये) के उत्पाद खरीदने पर सहमति जताई है। भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते (आईटीए ) का फ्रेमवर्क जारी किया है। इसके तहत भारतीय सामान पर अमेरिका का टैक्स 50% घटाकर 18% कर दिया गया है। रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत पर लगाया गया 25% अतिरिक्त टैक्स भी हटा लिया गया है।

### इन पर जीरो टैरिफ

मसाले, चाय, कॉफी, नारियल तेल, काजू, एवोकाडो, केला, आम, अनानास, मशरूम जैसे कई फल-सब्जियां और कुछ बेकरी उत्पाद भी अमेरिका में जीरो टैरिफ पर निर्यात हो सकेंगे।

•

भारत में जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) खाद्य पदार्थों को अनुमति नहीं दी जाएगी।



### हर्ले डेविडसन पर होगा शून्य टैरिफ



भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर हस्ताक्षर होते ही 800सीसी से 1,600 सीसी के बीच की हर्ले डेविडसन मोटरसाइकिलों के आयात पर लगने वाले सभी शुल्क समाप्त कर देगा। इन मोटरसाइकिलों के लिए कोई आयात कोटा नहीं होगा, क्योंकि भारत में इनके लिए बाजार सीमित है। इसके अलावा अमेरिका से आयातित अन्य हाई-रेंज मोटरसाइकिलों पर भी रियायती शुल्क की पेशकश की जाएगी।

### लग्जरी कारों पर भी कटौती



अमेरिका से आने वाली हाई-एंड लग्जरी कारों पर शुल्क में चरणबद्ध कमी की जाएगी। बीटीए लागू होने के पहले दिन से ही 2,500 सीसी से अधिक की डीजल कारों और 3,000 सीसी पेट्रोल कारों पर लगने वाला 66% आयात शुल्क घटाकर 50% कर दिया जाएगा। दस वर्षों में यह शुल्क घटकर 30% रह जाएगा। यह लाभ केवल आंतरिक दहन इंजन और हाइब्रिड कारों को मिलेगा। इलेक्ट्रिक वाहनों को नहीं।

### 500 अरब डॉलर मूल्य का सामान खरीदेगा भारत

भारत ने घोषणा की है कि वह अगले 5 सालों में अमेरिका से कुल 500 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के उत्पाद खरीदेगा। इनमें शामिल हैं।
- एनर्जी प्रोडक्ट
- विमान व उसके पार्ट्स
- कीमती धातुएं
- टेक्नॉलाजी प्रोडक्ट
- कोकिंग कोल

#### डिजिटल ट्रेड और सप्लाई चेन पर सहयोग बढ़ेगा

दोनों देश डिजिटल ट्रेड में भेदभावपूर्ण नियमों और बोझिल प्रक्रियाओं को खत्म करने की दिशा में काम करेंगे। इसका मतलब है कि डिजिटल सेवाएं, ई-कॉमर्स, डेटा फ्लो, क्लाउड सर्विसेज और ऑनलाइन ट्रेड में आने वाली बाधाओं को दूर किया जाएगा। इससे भारतीय आईटी कंपनियां, को अमेरिकी बाजार में काम का मौका मिलेगा।

#### समझौते से भारत को मिलने वाले लाभ

**अमेरिकी टैरिफ में कमी :** भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के टैरिफ को 18 प्रतिशत तक घटाया गया है, जिससे भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिलेगी।

**चुनिंदा उत्पादों पर जीरो टैरिफ:** जेनेरिक दवाएं, रत्न और हीरे और विमान पार्ट्स पर पूरी तरह टैरिफ खत्म किया जाएगा, जिससे इन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।



**30 ट्रिलियन डॉलर के बाजार तक पहुंच :** भारतीय एमएसएमई, किसान, मछुआरे, महिलाओं और युवा उद्यमियों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रवेश।

**निर्यात क्षेत्रों में बढ़ावा :** टेक्सटाइल, चमड़ा और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और कुछ मशीनरी में नए अवसर।



**सेक्शन 232 में छूट :** विमान पार्ट्स पर अमेरिकी सेक्शन 232 के तहत छूट मिलेगी।

**जेनेरिक दवाओं पर बेहतर शर्तें :** भारतीय जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स के लिए टैरिफ और नियामक नियमों में सुधार।

**ऑटो पार्ट्स पर टैरिफ रेट कोटा :** ऑटो कंपोनेंट्स के लिए अमेरिका में विशेष पहुंच मिलेगी।



---

## फरीदाबाद में बड़ा हादसा, सुनामी झूले में सवार थे 18 लोग

# सूरजकुंड मेले में झूला गिरा इंस्पेक्टर की मौत, 12 घायल

प्रशासन ने मेला ग्राउंड खाली कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

सूरजकुंड मेले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। झूला गिरने से पुलिस इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद उपायुक्त आयुष सिन्हा घटनास्थल पर पहुंचे और मेला ग्राउंड को खाली करा दिया गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, सुनामी झूले में 18 लोग सवार थे। ऊपर जाते ही झूला अटक गया, जिसके बाद कुछ लोगों को नीचे उतारा गया। इसके बाद झूला तेज चलने लगा। तभी अचानक झूला गिर गया। मेले में मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को संभाला। लोगों को बचाते हुए एक पुलिस इंस्पेक्टर भी घायल हो गए, जिसके बाद एम्बुलेंस बुलाकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना का एक वीडियो सभी सामने आया है जिसमें झूला ऊपर से नीचे आते हुए गिरता हुआ दिख रहा है।

### ऊपर जाकर अटका झूला, लोग चिल्लाए



एक दुकानदार ने बताया कि अचानक झूला ऊपर की तरफ जाकर अटक गया और लोग चिल्लाने लग गए। इसके बाद झूला तेज-तेज चलने लगा। धीरे-धीरे 7 से 8 लोगों को नीचे उतार लिया।

**घायलों का उचित इलाज कराएंगे : नायब सैनी**

हादसे के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सभी घायलों का बेहतर इलाज कराया जाएगा। वहीं, पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि पूरे मामले की जांच करवाई जाएगी।

---

### दिल्ली गड्ढा मौत मामला

## साइट सब-कॉन्ट्रैक्टर गिरफ्तार तीन इंजीनियर किए सस्पेंड

**नई दिल्ली।** जनकपुरी में मोटरसाइकिल सवार की मौत के मामले में एफआईआर में कहा गया है कि साइट पर कोई वॉर्निंग साइन, बैरिकेड या लाइटिंग नहीं थी। कोई गार्ड तैनात भी नहीं किया गया था। एफआईआर में कहा गया है कि गड्ढे को बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुला छोड़ दिया गया था। वहीं, दिल्ली पुलिस ने इस सिलसिले में कंस्ट्रक्शन साइट के एक सब-कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच में पता चला कि सब-कॉन्ट्रैक्टर राजेश प्रजापति को घंटों पहले ही दुर्घटना के बारे में बता दिया गया था, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शनिवार को कहा कि सरकार ने इस मामले में लापरवाही के आरोप में तीन इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया है और उन पर लापरवाही का केस भी दर्ज किया गया है।

**बिना सुरक्षा उपाय खुला छोड़ दिया था गड्ढा**

### सीबीएसई :15 दिन में री-एग्जाम

## सीटेट पेपर-2 पर बवाल दो केंद्रों पर परीक्षा रद्द

**नई दिल्ली।** सीटेट पेपर-2 पेपर को लेकर परीक्षा केंद्र पर हंगामा, नाराजगी और उठते सवालों के बीच अब केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने तस्वीर साफ करने की कोशिश की गई है। बोर्ड ने बताया कि देशभर में परीक्षा लगभग पूरी तरह सफल रही, लेकिन वैशाली के 2 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा रद्द कर दी गई है। बोर्ड ने कहा कि देशभर में बनाए गए 1803 परीक्षा केंद्रों में से 1801 केंद्रों पर परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इन दोनों केंद्रों पर परीक्षा अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण आयोजित नहीं हो पाई। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि इन केंद्रों पर जिन उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था, उनके लिए री-एग्जामिनेशन 15 दिनों के भीतर कराया जाएगा।



---

### खबर संक्षेप

#### चीता 'आशा' दूसरी बार बनी मां, 5 शावकों को दिया जन्म

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई चीता आशा ने पांच शावकों को जन्म दिया है। यह प्रोजेक्ट चीता के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इसी के साथ देश में चीतों की कुल आबादी अब 35 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसकी घोषणा की। *एजेंसी*

#### पुंछ में लैंडमाइन ब्लास्ट में सेना का पोर्टर घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास लैंडमाइन फटने से सेना का एक पोर्टर घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि स्लॉटरी-पटिया गांव का रहने वाला जुल्फिकार अहमद (24) ने दोपहर करीब 2.10 बजे मनकोट सेक्टर के एक फॉरवर्ड एरिया में गलती से लैंडमाइन पर पैर रख दिया। *एजेंसी*

#### खेद प्रकाश

7 फरवरी के अंक में आईपीएस के पिता की खुदकुशी वाली खबर में भूलवश गलत फोटो प्रकाशित हो गया। हमें इसके लिए गहरा खेद है। हम उक्त व्यक्ति की लंबी और स्वस्थ उम्र की कामना करते हैं। -संपादक

---

## मनोरोगियों के मॉडल ग्रुप होम बनाने में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

4 सप्ताह में अधिसूचित करने का आदेश

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मानसिक रूप से बीमार और असहाय व्यक्तियों के पुनर्वास की व्यवस्था को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए दोनों राज्यों से प्रत्येक जिले में मॉडल ग्रुप होम स्थापित करने की दिशा में उठाए गए कदमों का विस्तृत जवाब मांगा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि 2017 के मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के बावजूद यदि राज्यों में ग्रुप होम की व्यवस्था लागू नहीं हो रही है तो इसे गंभीर प्रशासनिक चूक माना जाएगा।



### मानसिक रोगियों के पुनर्वास और देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की

यह आदेश चंडीगढ़ स्थित पुष्पांजली ट्रस्ट द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया गया। याचिका में कहा गया कि मानसिक रोगियों के पुनर्वास और देखभाल की जिम्मेदारी सरकारों की है, लेकिन पंजाब और हरियाणा में अभी तक इस दिशा में ठोस व्यवस्था नहीं बनाई गई है, जबकि अधिनियम में ऐसे व्यक्तियों के लिए विशेष आवासीय सुविधाओं का स्पष्ट प्रावधान किया गया है। सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार की ओर से बताया गया कि ग्रुप होम के लिए तैयार नियमों को केंद्र सरकार पहले ही मंजूरी दे चुकी है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि वह चार सप्ताह के भीतर नियमों को अधिसूचित करे।

---

### भागवत बोले- हमें पावर की इच्छा नहीं

## आरएसएस के कार्यक्रम में पहुंचे सलमान खान

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 साल पूरे होने पर मुंबई में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान भी शामिल हुए। वे फिल्ममेकर सुभाष घई और गीतकार प्रसून जोशी के साथ मंच के सामने बैठे और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का भाषण सुना। मोहन भागवत ने कहा कि भारत का बंटवारा धर्म की वजह से हुआ। हमने कहा कि हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं, क्योंकि हम हिंदू हैं। इस्लाम, ईसाई धर्म अभी भी भारत में मौजूद हैं। झड़पें होती हैं, लेकिन देश एकजुट रहा है। हिंदू भाव को भुला देना भी बंटवारे का कारण बना। आरएसएस किसी के खिलाफ नहीं है और न ही उसे सत्ता या पावर की इच्छा है। संघ देश में चल रहे सकारात्मक प्रयासों को समर्थन और मजबूती देने पर फोकस करता है। (विस्तृत पेज-5 पर)

■ संघ सभी धर्मों का सम्मान करता है

### पाकिस्तान को बड़ा झटका

## अमेरिका ने पूरा पीओके भारत के नक्शे में दिखाया

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन पाकिस्तान इस आसान से तथ्य पर चाहे जितनी बहस करे या कितना ही प्रोपेगेंडा चलाए, लेकिन सच्चाई पूरी दुनिया को पता है। अब इस कड़ी में अमेरिका ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, ट्रेड डील पर रूपरेखा तय होने के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) ने भारत का नक्शा जारी किया, जिसमें भारतीय क्षेत्र को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया गया है। नक्शे में उत्तरी केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को भारत के हिस्से के रूप में दिखाया गया है, जिसमें पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया हिस्सा यानी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भी शामिल है। साथ में ऑक्साई चीन भी दिख रहा है। इस पोस्ट से बताया गया कि अमेरिकी उत्पादों की अब नए बाजार तक पहुंच बनेगी।

■ भारत के नक्शे में ऑक्साई चीन भी

---

### संकट | सरसों में चेपा और सफेद रस्ट की बीमारी का खतरा बढ़ा

# 25° तक पहुंचा पारा, अचानक बढ़ोतरी से किसानों को नुकसान का अंदेशा

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। तापमान में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। ताजा मौसम आंकड़ों के अनुसार, राज्य का अधिकतम तापमान 25 डिग्री के पार पहुंच गया है। 7 फरवरी को महेंद्रगढ़ में सबसे अधिक 25.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 0.9 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है, जो सामान्य के करीब बना हुआ है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार इस बार 15 दिन पहले ही तामपान बढ़ने लगा है। आमतौर पर 20 फरवरी के बाद देखा जाता है कि तापमान में बढ़ोतरी होती है मगर फरवरी के शुरुआती दिनों में ही तापमान बढ़ रहा है। ऐसे में तापमान में इस उछाल और शुष्क मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

### किसानों को हल्की सिंचाई करने की सलाह

कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि गेहूं, सरसों और चने जैसी रबी फसलों को शुष्क परिस्थितियों और गर्मी के प्रभाव से बचाने के लिए आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करें। विशेष रूप से सरसों की फसल में बढ़ती गर्मी और नमी के कारण चेपा और सफेद रस्ट जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है, जिसके लिए किसानों को नियमित निगरानी और मौसम साफ रहने पर अनुशंसित दवाओं के छिड़काव के निर्देश दिए गए हैं।



### फसलों पर प्रभाव और किसानों के लिए सलाह

- **सिंचाई प्रबंधन:** बढ़ती गर्मी और शुष्क हवाओं से फसलों को बचाने के लिए किसानों को आवश्यकतानुसार हल्की सिंचाई करने की सलाह दी गई है। विशेषकर गेहूं और सरसों की फसल इस समय क्रमशः टिलरिंग और फूल आने की अवस्था में है, जिन्हें नमी की सख्त जरूरत है।
- **कीटों का खतरा:** आर्द्रता और बदलते तापमान के कारण सरसों में चेपा और सफेद रस्ट जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ सकता है। किसानों को नियमित निगरानी और मौसम साफ रहने पर अनुशंसित कवकनाशी (जैसे मैनकोजेब) के छिड़काव की सलाह दी गई है।
- **सब्जियां और चारा:** सब्जियों और बरसीम की कटाई ओस सूखने के बाद (सूर्योदय के बाद) ही करें ताकि सड़न की समस्या न हो।




## खबर संक्षेप

### दलहन फसलें देश की पोषक सुरक्षा की रीढ़

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि दलहन फसलें न केवल देश की पोषण सुरक्षा की रीढ़ हैं, बल्कि ये मृदा स्वास्थ्य सुधार, नाइट्रोजन स्थिरीकरण तथा कृषि लागत में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बदलते जलवायु परिदृश्य में दलहन फसलें किसानों के लिए एक जलवायु-सहिष्णु एवं टिकाऊ विकल्प के रूप में उभर रही हैं। हरियाणा सरकार राज्य में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मंत्री आज मध्यप्रदेश के सिहोर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा मध्य प्रदेश सरकार के कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत आयोजित राष्ट्रीराय परामर्श एवं ऱणनीति सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे।

### किसानों की प्रगति और ग्रामीण विकास का बजट

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट में किसान कल्याण, कृषि सुदृढ़ीकरण एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की गई है। यह बजट आधुनिक कृषि, तकनीक, सिंचाई, भंडारण एवं बाजार तक सीधी पहुँच के माध्यम से किसानों की आय वृद्धि को नई दिशा देगा। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने दिल्ली के गांव अलीपुर और कराला में किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। किसान बंधु धनखड़ ने कहा कि किसान को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र को समृद्ध करने का यह प्रयास विकसित भारत के लक्ष्य को और गति प्रदान करेगा।

### सूरजकुंड मेले में देखना चाहिए मेघालय पवेलियन

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद के सूरजकुंड में आयोजित किए जा रहे 39वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में में मेघालय को उत्तर प्रदेश के साथ थीम राज्य के रूप में चुना गया है। सूरजकुंड मेले में मेघालय द्वारा की समृद्ध विरासत, जीवंत संस्कृति, व्यंजन और अद्वितीय शिल्प कौशल का प्रदर्शन किया जा रहा है। मेघालय की संस्कृति और विरासत की थीम पर डिजाइन किया गया मेघालय मंडप वहां की कलात्मक और उत्कृष्टता का शानदार प्रतिनिधित्व कर रहा है।

### 'सेवा सुरक्षा' पोर्टल पर प्रशिक्षण अनिवार्य

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने हरियाणा कॉन्ट्रैक्चुअल एम्प्लॉयीज (सिक्योरिटी ऑफ सर्विस) वेब पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभागों, बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों के अधिकारियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह प्रशिक्षण 8 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

### केंद्रीय बजट देश की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

**चंडीगढ़।** केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने केंद्रीय बजट को देश की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बताते हुए कहा कि यह बजट केवल वादों की सूची नहीं, बल्कि कर्तव्यबोध, स्पष्ट सोच और मजबूत इरादों का दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत हर नागरिक के प्रति दायित्व निभाने का संकल्प लिया है।

---

सरकार की आगामी जनगणना 2026-2027 की तैयारी

# आपसे 33 सवाल पूछेगी जनगणना टीम, सही जानकारी देना ही देश हित में, प्रश्न पांच श्रेणियों में विभाजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फरवरी 2027 में जनगणना होनी है। इसके लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू होने लगी हैं। कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। इसमें भी बताया गया है कि जनगणना टीम आपके घर पहुंचकर 33 सवाल करेगी। जिसमें मकान, परिवार, वाहन, पेयजल, बिजली, शौचालय, मकान में कौनसी सामग्री प्रयोग की, घर की हालात कैसी है, परिवार में वैवाहिक दंपतियों की संख्या कितनी है, क्या आप एससी




जाति से हैं,परिवार का मुखियां महिला या है पुरुष, कितने वाहन हैं, लैपटॉप और कम्प्यूटर है या नहीं,चार पहिया वाहन, इंटरनेट सुविधा, खाना बनाने के लिए क्या प्रयोग करते हैं, गंदे पानी की निकासी कैसे होती है, टेलिफोन, रेडियो, गैस एलपीजी प्रयोग करते हैं या पीएनजी, मोबाइल फोन स्मार्ट या है साधारण आदि जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। सही जानकारी देना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य है। क्योंकि सटीक डेटा (नाम, आयु, शिक्षा, रोजगार, आवास, आदि) से ही सरकार सही विकास नीतियां, शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाएं तैयार कर पाती है। यह कानूनी रूप से अनिवार्य है और देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

#### फरवरी 2027 में पूरी होगी

16वीं जनगणना फरवरी 2027 में पूरी की जाएगी। जो पहली बार पूरी तरह डिजिटल होगी और इसमें जाति आधारित गणना भी शामिल होगी। यह प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहला चरण (मकान सूचीकरण) अप्रैल-सितंबर 2026 में, और दूसरा चरण (जनसंख्या गणना) फरवरी 2027 में होगा। इससे पहले मकान सूचिकरण एक मई से शुरू होकर 31 मई को पूरा होगा। 2021 में होने वाली जनगणना अब 6 साल की देरी से 2027 में पूरी होगी। पिछली जनगणना 2011 में हुई थी और कोविड-19 महामारी के कारण 2021 की जनगणना को टालना पड़ा था।

#### छह साल देरी से

जनगणना का महत्व देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह जनसंख्या, साक्षरता, रोजगार, स्वास्थ्य और संसाधनों पर सटीक डेटा प्रदान करती है। जिससे सरकारें बेहतर योजना बना सकती हैं। चुनावी क्षेत्रों का परिसीमन कर सकती हैं, धन का आवंटन कर सकती हैं और समाज के सभी वर्गों के लिए नीतियां बना सकती हैं। यह भविष्य की प्रगति का मूल्यांकन करने और कल्याणकारी योजनाओं को सुनिश्चित करने का आधार है।

#### इन श्रेणियों में विभाजित

- ❑ घर की पहचान और संरचना
- ❑ परिवार और सामाजिक विवरण
- ❑ घर का स्वामित्व व कमरे
- ❑ बुनियादी सुविधाएं
- ❑ संपत्ति और संप्रेषण

**ये भी जानें:** देश में वर्तमान स्वरूप में पहली जनगणना 1865 और 1872 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में अनियमित रूप से आयोजित की गई थी। 1872 में शुरू हुए इस प्रयास को आमतौर पर भारत की पहली जनसंख्या जनगणना के रूप में जाना जाता है। हालांकि, भारत में पहली समकालिक जनगणना 1881 में आयोजित की गई थी।

### मंत्री के बयान पर अग्निशमन कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** मंत्री राव नरवीर सिंह द्वारा अग्निशमन कर्मचारियों को लेकर दिए गए बयान के बाद में कईं जिलों में नाराजगी फैल गई है। कर्मियों ने पुतला जलाने से लेकर प्रदर्शन शुरु कर दिए हैं। शनिवार को पूरे दिन माहौल गर्म बना रहा। सर्व कर्मचारी संघ और अग्निशमन कर्मचारियों ने करनाल में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह के खिलाफ रोष जताते हुए शहर में पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों का कहना है कि मंत्री के बयान से उनकी छवि को ठेस पहुंची है और इससे पूरे विभाग में नाराजगी फैल गई है। अपने बयान पर माफी मांगने की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रहेगा।

---

चंडीगढ़ के एक कार्यक्रम में बोले सीएम नायब सिंह सैनी

विकास पारदर्शिता और सेवा की राजनीति को जनता का समर्थन

# पारदर्शी भर्ती से बदल रही तस्वीर हजारों युवाओं को मिला रोजगार

- सरकार के संकल्पों पर तेजी से हो रहा काम मुख्यमंत्री ने कहा, डबल इंजन सरकार दोगुनी गति से विकास पथ पर अग्रसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प-पत्र में 217 संकल्प लिए थे, जिनमें से 60 पूरे किए जा चुके हैं और शेष संकल्पों पर तेजी से काम चल रहा है, जिन्हें जल्द पूरा कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को चंडीगढ़ में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का संविधान पूरी मजबूती से लागू है और सरकार संविधान की भावना के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी शासन के लिए भाजपा को चुना है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ा है। इसी विश्वास के आधार पर राज्य में डबल इंजन सरकार को तीसरी बार बड़ा जनादेश मिला है। राज्य में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चे भी बिना सिफारिश के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं। शपथ ग्रहण से पहले ही 24,000 युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए गए और इस वर्ष भी बड़े स्तर पर भर्तियां की जा रही हैं। आयोग के माध्यम से भी भर्ती प्रक्रिया जारी है। सरकार सभी रिक्त पदों को पारदर्शिता के आधार पर भर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवा देश के अन्य राज्यों में भी अपनी प्रतिभा से स्थान बना रहे हैं और दूसरे राज्यों के युवा भी यहां अवसर पा रहे हैं। यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संकेत है।



**चंडीगढ़।** दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते सीएम नायब सिंह सैनी।

#### तथ्य आधारित सुझावों से ही मजबूत होगा लोकतंत्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1984 की घटनाओं से जुड़ी पीड़ा आज भी लोगों के मन में है और ऐसे मामलों में संवेदनशीलता जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब सरकार विपक्ष की बात भी सुने और जनहित के अच्छे सुझावों को स्वीकार करे। विधानसभा में भी विपक्ष को बार-बार तथ्य आधारित सुझाव देने के लिए कहा जाता है, जिन्हें सरकार अवश्य अपनाएगी, लेकिन बिना तथ्यों के आरोप लगाना लोकतंत्र को कमजोर करता है।

#### गरीब, महिलाएं और किसानों के लिए योजनाएं

मुख्यमंत्री ने बताया कि किडनी मरीजों के लिए डायलिसिस पूरी तरह मुफ्त किया गया है, गरीब परिवारों को रियायती दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और पात्र महिलाओं के लिए 'लाडो लक्ष्मी' योजना शुरू की गई है। ऐसी महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं पंचायतों से जुड़े फैसलों के तहत लंबे समय से बसे ग्रामीण परिवारों को मालिकाना हक देने का निर्णय भी लिया गया है। किसानों के लिए 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है।

#### विदेश नीति से व्यापार और रोजगार को मजबूती

ट्रेड डील पर सीएम ने कहा कि मोदी की विदेश नीति के कारण भारत के कई देशों के साथ मजबूत संबंध बने हैं, जिससे व्यापार और निवेश के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को मजबूती मिलेगी। भाजपा की राजनीति सेवा, पारदर्शिता और विकास पर आधारित है, जबकि विपक्ष आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है।



**चंडीगढ़।** सीएम नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में लोगों की शिकायतों का निवारण करते हुए।

---

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बड़ौली बोले

## काज़ीरंगा नेशनल पार्क प्राकृतिक विरासत का गौरव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठों में प्रमुख कामाख्या धाम के दर्शन किए। वहीं उन्होंने नागांव में स्थित 126 फीट ऊंचे विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग वाले महा महामृत्युंजय मंदिर के दर्शन भी किए। उन्होंने माँ कामाख्या और बाबा भोले नाथ से हरियाणावासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने काज़ीरंगा नेशनल पार्क में प्राकृतिक विरासत तथा चाय के बागानों में प्राकृतिक सुंदरता और उद्योग का भी अवलोकन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक के कार्यकाल में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को



मजबूत, सजीव और वैश्विक स्तर पर पुनर्स्थापित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। मोदी सरकार का उद्देश्य आधुनिकीकरण के साथ-साथ प्राचीन सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित और पुनर्जीवित करना है। बड़ौली ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है।

### हाईकोर्ट के फैसले से हरियाणा के पुलिसकर्मियों को राहत, कठिन प्रशिक्षण से मिलेगी छूट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शारीरिक रूप से अत्यधिक कठिन प्रशिक्षण से जुड़े मामले में मध्यम आयु के हरियाणा पुलिस कर्मियों को राहत देते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि 36 पुलिस कर्मियों को अनिवार्य लोअर स्कूल कोर्स (एलएससी) से छूट देने के उनके अनुरोध पर पूर्व न्यायिक फैसले के आलोक में विचार किया जाए। जस्टिस जगमोहन बंसल ने यह आदेश ईएचसी अमित कुमार एवं अन्य की याचिका का निपटारा करते हुए पारित किया। याचिकाकर्ता 39 से 45 वर्ष आयु वर्ग के पुलिस कर्मी हैं, जिनमें कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल और सहायक उपनिरीक्षक शामिल हैं। ये कर्मचारी करनाल, पानीपत, रोहतक, फरीदाबाद, गुरुग्राम, सिरसा, झज्जर, फतेहाबाद, पलवल, भिवानी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी, हिसार, कुरुक्षेत्र और अंबाला सहित विभिन्न जिलों में तैनात हैं। सभी को वर्ष 2022 के लिए 35 प्रतिशत आरक्षित कोटे के तहत सूची-बी1 लोअर स्कूल कोर्स के लिए चयनित किया गया था, जिसकी शुरुआत 2 फरवरी 2026 से हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन में होनी थी।

---

पशुधन मेला प्रदर्शनी के अवलोकन पर बोले राजीव रंजन

## देश के कुल दूध उत्पादन का 36 फीसदी दे रहा हरियाणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि हरियाणा नस्ल की गाय ने पूरी दुनिया में विख्यात होकर ख्याति प्राप्त की है। दूध उत्पादन में भी हरियाणा प्रदेश अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश के कुल दूध उत्पादन का 36 प्रतिशत यानी करीब 125.42 लाख मिलियन दूध हरियाणा प्रदेश में उत्पादन हो रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि वो प्रत्येक गांव में सहकारी समितियां खोलकर पशुपालकों को लाभ दें। दूध के निर्यात को बढ़ाने में सहकारी समिति अच्छी भूमिका निभा सकती हैं। राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शनिवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित 41वें राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी के दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की भूमि पर आयोजित इस मेले में प्रदेशभर से अच्छी नस्ल के पशुओं को लेकर पशुपालक पहुंचे हैं। यहां के पशुपालकों में पशुओं के प्रति काफी प्यार -प्रेम देखने को मिला है। देश के करीब 10 करोड़ लोगों की आजीविका पशुधन के क्षेत्र पर निर्भर है। इसी क्षेत्र ने महिलाओं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। डेयरी के विकास के लिए सरकार ने कई प्रकार की योजनाएं चलाई हुई हैं।

#### नस्ल सुधार को पशुओं में लगाई जिनोमिक चिप

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पशुओं की नस्ल सुधार के लिए पशुपालन विभाग कुछ पशुओं में जिनोमिक चिप लगा रहे हैं। ये चिप समय समय पर पशुओं में होने वाली बीमारियों व अन्य परिवर्तनों की जानकारी देती है। इस चिप के माध्यम से ही वैज्ञानिक शोध करते हैं।

### हिसार-फतेहाबाद सिरसा रेल लाइन को रोकना जनहित के विरुद्ध: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद और कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने हिसार-फतेहाबाद नई रेल लाइन परियोजना को नकारात्मक प्रतिफल दर के आधार पर स्थगित किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2002 में घोषित यह महत्वपूर्ण परियोजना 23 वर्षों बाद भी धरातल पर साकार नहीं हो सकी, जो क्षेत्र की जनता के साथ गंभीर अन्याय है।सैलजा ने कहा कि यदि सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए भी लाभ-हानि का गणित देखने लगे, तो कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का अर्थ ही शेष नहीं रहता। रेलवे देश की सार्वजनिक संपत्ति है और उसका उद्देश्य प्रत्येक क्षेत्र के नागरिकों को समान रूप से सुविधा प्रदान करना हो।

---

सरकार ने एक साल से नहीं दिया डाइट भत्ता: ढांडा

## बिना डाइट मैदान में अभ्यास करने को मजबूर हरियाणा के 37,000 खिलाड़ी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने राज्य की भाजपा सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि सीएम नायब सैनी की जन विरोधी नीति और नीयत ने देश को मेडल दिलाने वाले खिलाड़ियों को अपने हक, सम्मान और बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसने पर मजबूर कर दिया है। हरियाणा हमेशा से खेलों की धरती रहा है। ओलंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में देश का तिरंगा ऊंचा करने वाले अधिकतर खिलाड़ी इसी



मिट्टी से निकले हैं। चंडीगढ़ प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ढांडा ने जमकर हमले बोले और पोस्टर जारी कर हरियाणा के सीएम नायब सिंह को 'जस्ट चिल सीएम' तक बता दिया। उन्होंने सीएम को ऑन रिकॉर्ड झूठ बोलने में पीएचडी तक करार दे दिया। नई नीति 'आगे दौड़ पीछे छोड़' पर काम कर रहे हैं।

#### भाजपा लोगों को सुविधाएं देती नहीं बंद कर देती है

आप के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि भाजपा लोगों को सुविधाएं देती नहीं, बल्कि बंद कर देती है। पंजाब को ज्ञान देने से पहले हरियाणा के किसानों-मजदूरों का हिसाब देना चाहिए। 11 साल में 20 से ज्यादा घोटाले और चार लाख करोड़ का कर्ज, यही भाजपा का विकास माडल है।

उन्होंने कहा कि सरकार बुढ़ापा पेंशन रोककर बुजुर्गों से स्वाभिमान से जीने का हक़ छीन रही है।

---

सियासत: कांग्रेस का निगमों का चुनाव सिंबल पर लड़ने का मामला

# प्रदेशाध्यक्ष राव ने तीनों जिलों से दावेदारों का ब्योरा मांगा

- नगर निगम पंचकूला, अंबाला शहर और सोनीपत को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र बोले, जल्द ही जिलाध्यक्षों से वहां के दावेदारों की सूची ले ली जाएगी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

पंचकूला और अंबाला शहर, सोनीपत नगर निगमों के चुनाव मैदान में दमदार प्रत्याशी उतारने की कवायद में जुटी कांग्रेस पार्टी की ओर से तीनों निगमों में मेयर पद के दावेदारों से आवेदन मांगे हुए हैं। वैसे, तो इसके लिए प्रदेश कांग्रेस पार्टी की ओर से पांच फरवरी तक का वक्त दिया गया था लेकिन प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र का कहना है कि उसके बाद भी इच्छुक उम्मीदवार आवेदन देना चाहे, तो उसको मना नहीं किया जाएगा क्योंकि फिलहाल चुनावों को लेकर अभी चुनाव आयुक्त हरियाणा की ओर से कोई भी घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने तीनों शहरों में दावेदारों के नामों को लेकर कहा कि जल्द ही जिलाध्यक्षों से आवेदन जमा कराने वालों का ब्योरा मांग लिया जाएगा।

#### महिलाएं भी ठोक रही दावे



बताया जा रहा है कि अंबाला, पंचकूला और सोनीपत में मेयर पद के लिए भाग्य आजमाने के लिए आवेदन देने वालों की कमी नहीं हैं। अहम बात यह है कि इस मामले में महिलाएं भी जमकर दावा ठोक रही हैं। यहां पर बता दें कि पंचकूला में जहां मेयर और बोर्ड का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। वहीं अंबाला शहर और सोनीपत में निगम के लिए उपचुनाव हुआ था। दोनों ही सीटों में अंबाला शहर से शक्तिरानी शर्मा विधायक बन गईं थी, वहीं सोनीपत में भी निखिल मदान चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंच गए थे। जिसके बाद में अंबाला शहर में सैलजा सचदेवा और सोनीपत में राजीव जैन मेयर बन गए थे। इन दिनों का भी कार्यकाल समाप्त हो चुका है।खास बात यह है कि अंबाला शहर की सीट बीसी-बी महिला (पिछड़ा वर्ग) के लिए रिजर्व कर दी गई है। पंचकूला में कुलभूषण गोयल मेयर थे, जिन्होंने कमल का फूल थमा हुआ है। वे एक बार फिर से सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। शहर में भाजपा और कांग्रेस दोनों दिक्कत आ रही है।

#### अब भी कर सकते हैं आवेदन

उधर, बात कांग्रेस की बात करें, तो पंचकूला में मेयर पद के लिए भाग्य आजमाने के लिए आवेदन देने वालों में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सुधा भारद्वाज के अलावा सेवा दल की अध्यक्ष सुनीता शर्मा, मनवीर कौर गिल नगर परिषद की पूर्व अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र रावल राज सिंह चौहान चंद्रभान गर्ग अन्य ने अभी तक आवेदन जिला अध्यक्ष को सौंपे हैं। पीसीसी चीफ की बात माने, तो अभी किसी अन्य उम्मीदवार द्वारा दिए जाने वाला आवेदन लेने में भी कोई मनाही नहीं हैं। उधर, अंबाला शहर सीट पर दावेदारों की इस बार कमी दिखाई दे रही है। सीट आरक्षित होने के बाद में यहां हालात बदले हैं।

#### तारीख के बाद भी लेंगे आवेदन: राव नरेंद्र

हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र का कहना है कि क्योंकि अभी तक चुनावों की तारीख का एलान नहीं हुआ है, तो उम्मीदवारी के लिए आवेदन आने वाले समय में भी स्वीकार किए जाते रहेंगे। हालांकि सोमवार को उन्होंने तीनों शहरों में अभी तक आए आवेदनों का ब्योरा मंगाने की बात कही है। इस तरह से प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने निगम चुनावों को लेकर अभी से तैयारी और रणनीति बनाने की शुरुआत कर दी है। सत्तारूढ़ दल भाजपा पहले से निगम चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर चुकी है। खास बात यह है कि निगमों में वार्डबंदी का काम अंतिम चरण में है। हरियाणा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद में तारीखों का एलान किसी भी वक्त होने की उम्मीद है।

### किसानों की बलि चढ़ाकर ट्रेड डील नहीं चलेगी: राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** यूएस-इंडिया ट्रेड डील की रूपरेखा की घोषणा सुबह 3:55 बजे अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव द्वारा किए जाने के बाद देशभर में चिंता का माहौल है। ट्रेड डील को लेकर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारत के किसानों और खेतिहर मजदूरों के साथ खुला धोखा करार दिया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि इस डील के माध्यम से प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार ने देश के 72 करोड़ किसानों और कृषि पर निर्भर परिवारों की आजीविका को दांव पर लगा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि फ्रेमवर्क समझौते के पहले ही बिंदु में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत "अमेरिकी खाद्य और कृषि उत्पादों" पर टैरिफ समाप्त करेगा, जो सीधे तौर पर भारतीय कृषि के लिए घातक सिद्ध होगा। समझौते के लागू होने से अब अमेरिका से फल बड़े पैमाने पर भारत में आयात किए जाएंगे।

---

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बोला हमला

## पीजीटी कंप्यूटर साइंस की भर्ती पर बीजेपी को किया बेनकाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि नाम बदलने में माहिर बीजेपी सरकार को एचपीएससी का नाम भी बदल देना चाहिए। इसे बदलकर (गैर-हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन) कर देना चाहिए। क्योंकि ये संस्था जानबूझकर हरियाणा की नौकरियां अन्य राज्यों के लोगों को दे रही है और एचपीएससी के पदों को खाली रखकर हरियाणा के युवाओं को उच्च पदों से वंचित रखने की साजिश रच रही है। हुड्डा ने कहा कि एचपीएससी अब सिलेक्शन कमीशन की बजाय रिजेक्शन कमीशन बन चुका है। पिछले 11 साल से बीजेपी सरकार भर्तियों के नाम पर हरियाणा के युवाओं को ठग रही है। हरियाणा सरकार ने कृषि विभाग में एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर के 100 पदों की भर्ती प्रक्रिया को साढ़े तीन साल बाद किया रद्द ! हुड्डा ने उदाहरण देते हुए कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद एचपीएससी पीजीटी कंप्यूटर साइंस की 1711 पदों की भर्ती का रिजल्ट आया, लेकिन सिर्फ 39 उम्मीदवार ही पास हुए, जबकि बाकी 1672 पद खाली रह जाएंगे।






## खबर संक्षेप



### पाकिस्तानी बॉर्डर से लाई 300 ग्राम हेरोइन समेत नरवाना में दबोचा युवक

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने ठंडी सड़क पर चमेला कॉलोनी के निकट साहिल को काबू कर उसके कब्जे से 300 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन लाख रुपये है। हेरोइन की खेप पाकिस्तान बॉर्डर एरिया से लाई गई थी। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना ने सूचना पर मौके पर जांच की थी। इसमें युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। शहर थाना पुलिस ने आरोपी साहिल के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए नरवाना प्रभारी सुखदेव ने बताया कि हेरोइन की खेप पाकिस्तान बॉर्डर एरिया से लाई गई थी। आरोपित से नशे के नेटवर्क के बारे मे पूछताछ की जा रही है।

### स्कूल में छात्र को तीन सहपाठियों ने मारे चाकू

**जींद।** उचाना थाना इलाके के निजी स्कूल में एक छात्र पर तीन अन्य छात्रों ने चाकू से हमला कर दिया। उचाना थाना पुलिस ने आरोपी तीन छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव खटकड़ निवासी आशु ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पड़ोसी गांव के निजी स्कूल में 12वीं का छात्र है। स्कूल टाइम में वह बाथरूम में गया हुआ था। उसी दौरान उसके तीन सहपाठियों ने उसके कंधे तथा पांव पर चाकू से वार किए, जिसमें वह घायल हो गया। बचाव में शोर मचाए जाने पर आरोपित धमकी देते हुए फरार हो गए। उचाना थाना पुलिस ने घायल छात्र की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निवेश के नाम पर साढ़े 91 लाख की ठगी, 2 काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर साढ़े 91 लाख रुपये की ठगी करने के एक मामले में आरोपी मुहम्मद अफजल निवासी जिला वायनाड, केरल व मुफिस निवासी सिरसा को गिरफ्तार किया है। एनआईटी निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसकी फेसबुक पर एक व्यक्ति से बातचीत होने लगी। उसने झांसे में लेकर साढ़े 91 लाख रुपये निवेश के नाम पर ले लिए। आरोपी मुहम्मद अफजल एएचएम डिजिटल मार्केटिंग नामक फर्म का खाताधारक है जिसने खाता आगे मुफिस को दिया था। फर्म के खाते में ठगी के 29 लाख रुपये आए थे। दोनों को 4 दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### टोहाना में बॉक्सर गैंग के गुर्गों से पुलिस की मुठभेड़

# व्यापारी से लूटपाट में बदमाशों का एनकाउंटर, दो के पैर में मारी गोली

*व्यापारी से दुकान में लूटे थे डेढ़ लाख रुपये, एक पहले हो चुका गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

टोहाना में बस स्टैंड के सामने दो दिन पूर्व एक व्यापारी से हुई लूट की वारदात को सुलझाते हुए सीआईए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार सुबह पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने फायरिंग की तो पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी थी। आरोपियों ने न केवल लूट की थी, बल्कि सोशल मीडिया पर पुलिस को चुनौती भी दी थी। पकड़े गए बदमाश बॉक्सर गैंग से जुड़े बताए गए हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि 4 फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे, टोहाना बस स्टैंड के सामने स्थित गौरव ट्रेडिंग कंपनी, थोक करियाना विक्रेता की दुकान में तीन नकाबपोश युवक घुसे थे। बदमाशों ने दुकान मालिक धीरज मेहता पर पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी दी और काउंटर से करीब डेढ़ लाख रुपये लूटकर हवाई फायर करते हुए फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया कि वारदात के बाद डीएसपी टोहाना उमेद सिंह के नेतृत्व में सीआईए सहित पुलिस की चार टीमें गठित की गई थीं। इस मामले में पुलिस ने 5 फरवरी को पहले आरोपी उदित निवासी टोहाना को गिरफ्तार किया गया।





**फतेहाबाद।** पुलिस एनकाउंटर में घायल बदमाश।

#### इंस्टाग्राम पर धमकी, लोकेशन ट्रेस की

इस मामले में दूसरे आरोपी कमल उर्फ बच्ची ने 6 फरवरी को अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक धमकी भरी पोस्ट डाली। पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम ने इसे तुरंत ट्रैक किया, जिससे उनकी लोकेशन का सुराग मिला। एसपी ने बताया कि शनिवार सुबह सीआईए टोहाना की टीम को सूचना मिली कि दोनों आरोपी टोहाना में टाउन पार्क के पास मोटरसाइकिल पर घूम रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने इनका पीछा शुरू कर दिया। जब सीआईए टीम ने टाउन पार्क के पास आरोपियों को घेरा, तो बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी पर सीधी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपियों कमल उर्फ बच्ची और मोनू उर्फ मोनी के पैरों में गोली लगी। इस पर पुलिस ने दोनों युवकों को काबू कर इन्हें टोहाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से इन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अब इनसे गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

#### बच्ची है मुख्य आरोपी

इस वारदात का मुख्य आरोपी कमल उर्फ बच्ची है। बच्ची बॉक्सर गैंग से जुड़ा हुआ मुख्य बदमाश है, जो अपने साथ युवाओं को पैसों का लालच देकर जोड़ता है और फिर उनसे आपराधिक गतिविधियां कराता है। उस पर टोहाना में 13-बर्गर नामक रेस्टोरेंट पर दो साल पहले फायरिंग कर रंगदारी मांगने का भी केस दर्ज है।

#### 2 पर 9 केस दर्ज

एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के खिलाफ पूर्व में भी फायरिंग कर रंगदारी मांगने का मामला दर्ज है। मोनू उर्फ मोनी निवासी तिलक नगर टोहाना के खिलाफ थाना शहर टोहाना, थाना सदर टोहाना, थाना सदर नरवाना व थाना शहर सिरसा में कुल 7 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कमल निवासी गीता कॉलोनी टोहाना के खिलाफ थाना शहर टोहाना व थाना उकलाना में दो मामले दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों से लूटी गई राशि और वारदात में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी के लिए पूछताछ करेगी।

### फरीदाबाद में आईटी रेड में एक करोड़ रुपये का सोना बरामद

**फरीदाबाद।** आयकर विभाग की बड़े स्कूलों व रिएल एस्टेट पर चल रही बड़ी कार्रवाई में करीब एक करोड़ रुपये का सोना और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। यह कार्रवाई लगातार चार दिन से चल रही है। छापेमारी के दौरान कई बैंक खातों में संदिग्ध और अवैध लेनदेन सामने आए हैं। अधिकारियों ने जांच के दायरे में आए बैंक खातों को फ्रीज कर आगे की जांच तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार, आयकर विभाग की टीमें बीते चार दिनों से ग्रेटर फरीदाबाद सहित शहर के कई इलाकों में एक साथ जांच अभियान चला रही है। इस दौरान दो प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों, बड़े रियल एस्टेट ग्रुप, सेक्टर-12 स्थित ओजोन पार्क के कार्यालय, सेक्टर-21 में एक प्रमुख सिक्योरिटी एजेंसी से जुड़े परिसरों, चार कंपनियों के दफ्तरों और आवासों समेत करीब पचास ठिकानों पर छानबीन की जा रही है।

## भाजपा सरकार ने श्रमिकों के कल्याण के लिए उठाए ठोस कदम : डॉ. चटर्जी



**हिसार।** सुमित पूनिया को नियुक्ति पत्र देते राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्नब चटर्जी।

- भारतीय जनता मजदूर सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने युवा प्रदेशाध्यक्ष सुमित पूनिया को पदभार करवाया ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारतीय जनता मजदूर सेल (बीजेएमसी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अर्नब चटर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने श्रमिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। अब श्रमिकों को समान अधिकार और सम्मान मिल रहा है। डॉ. अर्नब चटर्जी शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां बीजेएमसी के युवा प्रदेश अध्यक्ष सुमित पूनिया के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में आए थे। अपनी नियुक्ति पर सुमित पूनिया ने संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज केंद सरकार श्रमिक कल्याण की अनेक योजनाएं चला रही है। यह देश श्रमिक शक्ति से ही आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन रविन्द्र रॉकी, वरिष्ठ भाजपा नेता दलबीर धीरणवास, नरेश नैन व चेयरमैन राजकुमार टाक सहित अनेक नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिरसा के दंपति समेत सास व साली की पंजाब में सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा के एक परिवार के चार लोगों की पंजाब के मानसा में हुए भीषण हादसे में मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। सिरसा की प्रेम नगर कॉलोनी निवासी अशोक कुमार (60) अपनी पत्नी उषा बंसल (49) के साथ चंडीगढ़ के शादी समागम में हिस्सा लेने गए थे। गाड़ी संदीप कुमार चला रहा था। शुक्रवार रात को लौटते समय अशोक कुमार की सास राधा देवी (90) और साली रितु बाला (58) भी गाड़ी में सवार हो गईं।

मानसा-सिरसा रोड पर सरदूलेवाला गांव के पास कार और ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही सरदूलगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने सबसे पहले घायल ड्राइवर को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया। इसके बाद चारों शवों को कार की बॉडी काटकर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

### शादी का झांसा दे नाबालिग को किया गर्भवती, 20 साल की सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एडीएसजे लोकेश गुप्ता की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल कैद व 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। दुष्कर्म के बाद नाबालिग गर्भवती हो गई थी, जिसे अस्पताल ले जाने पर मामले का खुलासा हुआ था।

धारूहेड़ा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि 3 अक्टूबर 2022 को वह घर पर अकेली थी। इसी दौरान किसी ने बाहर से दरवाजा खटखटाया। जब उसने दरवाजा खोला तो बाहर एक युवक खड़ा हुआ था, जिसने अपने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। आरोपी जबरदस्ती उनके घर में घुस गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जनवरी 2023 में उसकी तबीयत खराब होने पर परिवार के सदस्य उसे अस्पताल लेकर गए, जहां उसे तीन माह की गर्भवती होने का पता लगा। इसके बाद काउंसलिंग में नाबालिग ने बताया कि जून 2022 में उसकी दोस्ती यूपी के जिला फैजाबाद के गांव लक्ष्मीदासपुर निवासी विकास पांडे उर्फ विशाल के साथ हुई थी। जुलाई 2022 में आरोपी ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। 3 अक्टूबर को भी आरोपी उनके घर आया और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी विकास पांडे उर्फ विशाल को गिरफ्तार कर लिया था।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की 4 सीटों के लिए 219 ने दी परीक्षा

**पानीपत।** नौल्था गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में शनिवार को नौवीं व ग्यारहवीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। पिछले साल खाली हुई दो-दो सीटों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 219 छात्रों ने भाग लिया नौवीं कक्षा की दो रिक्त सीटों के लिए 242 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 180 छात्र परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 62 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी तरह, ग्यारहवीं कक्षा की दो सीटों के लिए 60 छात्रों ने फॉर्म भरे थे। इनमें से 39 छात्र परीक्षा में शामिल हुए और 21 छात्र अनुपस्थित पाए गए। जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के प्रिंसिपल राजेश कुमार नरवाल ने बताया कि दोनों कक्षाओं की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## दोस्त की हत्या में 5 को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोहरिया की अदालत ने युवक की बेरहमी से हत्या करने के जुर्म में पांच दोषियों को आजीवन कारावास तथा 33-33 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर दोषियों को दो-दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। गांव संगतपुरा निवासी रोहताश ने 18 मार्च 2023 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके भाई सोनी को 17 मार्च की रात को किसी ने फोन कर बुला लिया, जो रातभर घर वापस नही लौटा। सुबह उसके भाई सोनी का खून से लथपथ शव एक मकान के बाहर पड़ा देखा गया। सिर में ईंटें मारी गई थीं। पेट में कोई नुकीली वस्तु भी घोंपी गई थी। मृतक के भाई रोहताश ने पुलिस को बताया था कि उसका भाई सोनी रंग पुताई का कार्य करता था। छानबीन में सामने आया था कि शराब पीने के दौरान कहासुनी के चलते सोनी की हत्या की गई थी। सदर थाना पुलिस ने रोहताश की शिकायत पर अजय, रोहताश, वजीर, अंकित, गांव सिधड़ निवासी विकास के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था।

### बचपन से एक साथ पढ़ीं, अब एक साथ नौकरी मिली

# दो जुड़वां बहनें टॉप 5 में आकर बनीं असि. प्रोफेसर

- भाई आशीष ने भी 23 साल की उम्र में 15 एग्जाम क्रैक किए, अब जम्मू में आईएफएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

गांव सदलपुर की रहने वाली जुड़वां बहनें पुष्पा व पूनम का असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयन हुआ है। दोनों बहनें हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा में टॉप-5 में रही हैं। इस परीक्षा में बड़ी बहन पुष्पा ने पहला और छोटी बहन पूनम ने पांचवां स्थान हासिल किया है।

#### नेट-जेआरएफ की परीक्षा में भी टॉपर रही



*पिता हंसराज खीचड़ ने बताया कि बेटियां शुरू से ही होनहार रही हैं। मंडी आदमपुर के व्यापार मंडल विश्वास स्कूल से बेटियां पढ़ी हैं। इसके बाद आदमपुर के एफजीएम कॉलेज से बीए और जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली से हिंदी में पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की है। पिता ने बताया कि बोर्ड की परीक्षा में बारहवीं कक्षा में पूनम पहले और पुष्पा स्कूल में तीसरे स्थान पर रही थी। इतना ही नहीं नेट-जेआरएफ परीक्षा में बड़ी बेटी पुष्पा ने 2025 में ऑल इंडिया में पहला स्थान और पूनम ने छठा स्थान हासिल किया था।*

सदलपुर गांव की ये दोनों बहनें नर्सरी से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक एक ही क्लास में पढ़ी हैं। हालांकि पीएचडी के लिए दोनों बहनों को अलग-अलग विश्वविद्यालय में जाना पड़ा। तीन सेकेंड बड़ी 26 वर्षीय पुष्पा कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से और पूनम महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही हैं। इनके भाई आशीष भी हमेशा पढ़ाई में अव्वल रहे हैं। उन्होंने 23 साल की उम्र में 15 नौकरियों के एग्जाम क्रैक किए। वर्तमान में वे जम्मू में आईएफएस अधिकारी हैं। दोनों बेटियों के पिता हंसराज खीचड़ शिक्षा विभाग में असिस्टेट ब्लॉक रिसोर्स कॉर्डिनेटर के पद पर हिसार में कार्यरत हैं।



## खबर संक्षेप

### रूस में 4 भारतीय समेत कई को चाकू मारा

**मास्को (भाषा)।** रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के एक विश्वविद्यालय में शनिवार को चाकू से किए गए हमले में चार भारतीय छात्रों समेत कम से कम छह लोग घायल हो गए। मीडिया में आई खबरों और यहां भारतीय मिशन की तरफ से यह जानकारी दी गयी। रूस के गृह मंत्रालय ने कहा कि प्रारंभिक खबरों के अनुसार, चाकू लिए एक किशोर रूस के बश्कोर्तोस्तान गणराज्य के उफा में स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्रावास में घुस गया, उसने वहां रहने वाले छात्रों पर हमला किया।

### वायु सेना ने कारगिल कूरियर सेवा शुरू की

**कारगिल/जम्मू (भाषा)।** भारतीय वायु सेना ने शनिवार को सर्दी के मौसम के लिए हवाई कूरियर सेवा शुरू की। इस सेवा से कड़ाके की ठंड के महीनों के दौरान कारगिल के लोगों के लिए हवाई संपर्क सुनिश्चित होगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू एवं कश्मीर और लद्दाख के लोगों को सर्दियों में बर्फबारी के बाद सड़कों के बंद होने के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हवाई कूरियर सेवा के पहले दिन 29 यात्रियों को कारगिल से श्रीनगर और 53 यात्रियों को श्रीनगर से कारगिल 53 पहुंचाया गया, जिनमें बच्चे, शिशु और मरीज शामिल थे।

### राजस्थान के कोटा में इमारत ढही, दो की मौत

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान के कोटा शहर में शनिवार रात तीन मंजिला इमारत ढहने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि कई और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तलवंडी इलाके में हुई। इमारत में एक रेस्तरां चल रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया। राज्य के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि यह बड़ा हादसा है। लगभग दो लोगों की मौत की सूचना मिली है।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

पीएम मोदी के स्वागत में लगे 'मोदी-मोदी' के नारे

प्रधानमंत्री मोदी 2 दिन के मलेशिया दौरे पर, नए साल में उनकी यह पहली विदेश यात्रा, भव्य तरीके से हुआ स्वागत

# भारत का यूपीआई जल्द ही मलेशिया में होगा लॉन्च, तिरुवल्लुवर सेंटर भी खुलेगा

*पीएम ने कहा कि हमारा प्रवासी समुदाय भारत और मलेशिया के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है। यहां मिला अपनापन और स्नेह भारत और मलेशिया की साझा सांस्कृतिक विविधता को खूबसूरती से दर्शाता है*



भारतीय समुदाय ने किया स्वागत

**एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के मलेशिया दौरे पर पहुंच गए हैं। पीएम अनवर इब्राहिम ने कुआलालंपुर पहुंचने पर खुद एयरपोर्ट जाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक बार फिर किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ एक ही कार में सवार होकर यात्रा की, जिससे उनकी कार डिप्लोमेसी नए सिरे से चर्चा में आ गई। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीरें भी साझा कीं। पीएम मोदी ने लिखा- मैं कुआलालंपुर पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर मेरे मित्र, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम की तरफ से किए गए हार्दिक स्वागत के लिए मैं अत्यंत आभारी हूं।

**प्रवासी भारतीयों से पीएम ने कहा कुआलालंपुर से कोच्चि तक एक जैसा खाना मलेशिया तक है भारत की फिल्में और संगीत की धाक**



प्रधानमंत्री मोदी और मलेशिया के पीएम इब्राहिम एक ही कार में

**पीएम अनवर इब्राहिम ने कुआलालंपुर पहुंचने पर खुद एयरपोर्ट जाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया**

- पीएम मोदी ने एक बार फिर किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ एक ही कार में सवार होकर यात्रा की
- पीएम मोदी मलेशिया में प्रवासी भारतीय समुदाय के साथ भी संवाद करेंगे
- पीएम अनवर इब्राहिम से रक्षा, आर्थिक, नवाचार सहयोग पर होगी मुख्य चर्चा

### मैं अपना वादा निभाने आया हूं

पीएम मोदी ने यह भी याद दिलाया कि पिछले वर्ष वे आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया नहीं आ सके थे, लेकिन उन्होंने अपने मित्र से वादा किया था कि वे जल्द ही यहां आएंगे। उन्होंने कहा मैं अपना वह वादा निभाने यहां आया हूं। उन्होंने कहा कि भारत और मलेशिया एक-दूसरे को इतनी आसानी से समझते हैं।

### आजाद हिंद फौज में थे भारतीयों के पूर्वज

उन्होंने यह भी याद दिलाया कि भारत की आजादी से बहुत पहले, यहां बसे भारतीयों के हजारों पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान दिए। इनमें से कई लोग भारत में अपने परिवार और पड़ोसियों से जुड़े थे, फिर भी वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज से जुड़ने वाले शुरुआती लोगों में शामिल थे।

### भारत की सफलता मलेशिया की सफलता

पीएम ने अपने संबोधन में दुनिया में बढ़ती भारत की ताकत बताते हुए कहा कि हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं। हम एक-दूसरे की सफलता का जश्न मनाते हैं। जब प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने चंद्रयान-2 की सफलता पर अपनी शुभकामनाएं दीं, तो मुझे बहुत अच्छा लगा।

सोनिया के वकील ने कोर्ट में कहा

# नागरिकता पर आरोप राजनीतिक साजिश, ये पूरी तरह बेबुनियाद

## अगली सुनवाई 21 फरवरी को होगी



**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के अधिवक्ता ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में दावा किया कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने से तीन साल पहले उन्हें मतदाता सूची में शामिल करने का आरोप लगाने वाली शिकायत राजनीतिक मकसद से और किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी।यह जवाब विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के सामने पेश किया गया, जो 11 सितंबर, 2025 के मजिस्ट्रेट के उस आदेश को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर रहे हैं, जिसमें आरोप की जांच करने से इनकार कर दिया गया था। जवाब देने के बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की।

### नागरिकता का मामला केंद्र व सूची ईसीआई के अधीन

मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश में राउज एवेन्यू अदालत की 'सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन' के उपाध्यक्ष वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर शिकायत को खारिज कर दिया गया था। शनिवार को सोनिया की वकील तरन्नुम चीमा, कनिष्का सिंह और आकाश सिंह ने उनका जवाब दाखिल किया, जिसमें दावा किया गया कि आरोप पूरी तरह से गलत, बेबुनियाद, राजनीति से प्रेरित और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। याचिका को खारिज करने का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सही कहा कि नागरिकता के मामले पूरी तरह से केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं, जबकि मतदाता सूची विवाद निर्वाचन आयोग का अधिकार क्षेत्र है।

### शिकायत में ठोस दस्तावेज नहीं दिए गए

जवाब में कहा गया है कि आपराधिक अदालतें आईपीसी/बीएनएस की धाराओं की आड़ में निजी शिकायतों पर सुनवाई करके इन कामों को अपने हाथ में नहीं ले सकतीं। यह शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत के खिलाफ है और संविधान के अनुच्छेद 329 का उल्लंघन होगा, जो चुनावी प्रक्रिया में न्यायिक दखल पर रोक लगाता है। इसमें कहा गया कि शिकायत किसी बाहरी वजह से दायर की गई थी और इसे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया गया।

दिन भर थमे रहे ओला-उबर के पहिए

# दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगरों में हुई भारी दिक्कत

**आरोप :** कंपनियां अपनी मनमर्जी से किराया तय कर रहीं दूसरा बड़ा शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले एप-आधारित कैब और डिलीवरी ड्राइवर देशव्यापी में हड़ताल पर रहे। ओला, उबर, रैपिडो और पोर्टर जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स से जुड़े लाखों ड्राइवरों ने देशव्यापी हड़ताल का आह्वान किया था। शनिवार की सुबह से ही दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे महानगरों में यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-आधारित ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के नेतृत्व में हुई यह हड़ताल पिछले



साल 31 दिसंबर को हुई डिलीवरी बॉयज की हड़ताल के बाद गिग वर्कर्स का दूसरा बड़ा शक्ति प्रदर्शन है। हड़ताल का सबसे प्रमुख कारण केंद्र सरकार द्वारा जारी मोटर वाहन एग्रीगेटर गाइडलाइंस 2025 का प्रभावी ढंग से लागू न होना है। ड्राइवरों का आरोप है कि इन दिशानिर्देशों के बावजूद कंपनियां अपनी मनमर्जी से किराया तय कर रही हैं। ड्राइवरों का कहना है कि सरकार ने पैनिक बटन लगाना अनिवार्य किया है, लेकिन राज्य सरकारों ने केंद्र द्वारा अनुमोदित 70% कंपनियों को अवैध घोषित कर दिया है। इसके चलते ड्राइवरों को पुराने उपकरण हटाकर नए बटन लगाने के लिए लगभग 12,000 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं, जो उनकी आर्थिक कमर तोड़ रहा है।

दूल्हे के पिता ने लौटाए 51 लाख

# शगुन में 1 रुपया स्वीकार कर बोले- धन नहीं, बेटी चाहिए

कहा- शादी कर रहे हैं कोई सौदा नहीं



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड**

यहां में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने दशकों से चली आ रही कुरीति पर करारा प्रहार किया है। यहां एक शादी समारोह में दूल्हे के पिता ने दुल्हन पक्ष द्वारा दिए गए 51 लाख रुपए के दहेज को लौटा दिया और सिर्फ 1 और एक नारियल में इस शादी को पूरा करवाया।

खिड़किया मोहल्ले में रहने वाले अनोज पाठक के बेटे आकर्ष पाठक का 5 फरवरी को भिंड शहर के जगदीश मैरिज गार्डन में शादी समारोह आयोजित किया गया था। इस शादी समारोह में दुल्हन पक्ष के लोग जबलपुर से शगुन फलदान लेकर पहुंचे थे। बारात में दहेज के रूप में 51 लाख रुपए रख दिए गए थे और लड़की पक्ष के लोगों ने यह 51 लाख रुपए फलदान के दौरान दूल्हे को भेंट किए। लेकिन इसी दौरान दूल्हे के पिता अनोज पाठक ने यह 51 लाख रुपए का दहेज लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वह शादी करने जा रहे हैं कोई सौदा करने नहीं जा रहे हैं। उन्होंने 51 लाख रुपए लौटा कर सिर्फ 1 और एक नारियल स्वीकार किया। अनोज पाठक कहते हैं कि उन्हें बहू के रूप में बेटी चाहिए और वह अपने बेटे की शादी कर रहे हैं कोई सौदा नहीं कर रहे हैं। दुल्हन का नाम अनिक्षा है।

शादी का पहला कार्ड मंदिर में चढ़ाने जा रहा था परिवार

मातम में बदली खुशियां, ऑडी कार जब्त ड्राइवर फरार

# तेज रफ्तार ऑडी ने बाइक सवार परिवार को रौंद डाला , 3 की मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा**



हादसे के वक्त भीड़ जमा हो गई

रीवा-रायपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। तीनों सवार उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में पिता, छोटे बेटे और भांजी की मौके पर मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा शनिवार दोपहर कोष्टा गांव के पास हुआ। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान भागवत विश्वकर्मा, शिवम विश्वकर्मा और शीतल विश्वकर्मा के रूप में हुई है। तीनों एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार भागवत विश्वकर्मा के बेटे शुभम की 25 फरवरी को शादी तय थी। हिंदू परंपरा के अनुसार शादी का पहला निमंत्रण भगवान को अर्पित किया जाता है। इसी रस्म को निभाने के लिए परिवार बाइक से चिरहुला नाथ मंदिर जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया। ऑडी कार को जब्त कर लिया गया है, जबकि हादसे के बाद ड्राइवर फरार हो गया।

रैलिंग तोड़ती हुई गहरी नहर में गिरी कार

### लॉक हो गई गाड़ी, तीन युवकों की डूबकर मौत

**नर्मदापुरम/इटारसी।** पथरोटा मार्ग शुक्रवार देर रात मौत का रास्ता बन गया। तेज रफ्तार ग्रे रंग की कार अनियंत्रित होकर पथरोटा की बड़ी नहर की रैलिंग तोड़ती हुई सीधे गहरे पानी में जा गिरी। हादसे में कार सवार तीन युवकों की जिंदा डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। होमगार्ड प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित ने बताया कि कार सवार युवक बचने के लिए शीशे खोलने की कोशिश कर रहे थे। हादसे के बाद कार लॉक हो गई। इटारसी और पथरोटा थाना पुलिस के साथ नर्मदापुरम से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। ढाई घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद कार को नहर से बाहर निकाला गया। हादसे में जान गंवाने वाले युवकों में लकी पटेल (30) पिता भवानी शंकर पटेल, निवासी रैसलपुर, कार चालक,शिवम तिवारी (26) पिता महेश तिवारी, निवासी छीरपानी,अभय उर्फ अभि चौहान (19) पिता राकेश चौहान, निवासी जय प्रकाश नगर, पुरानी इटारसी निवासी हैं।

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान रहेंगे। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**मिथुन** व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। आत्मसंयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी।

**सिंह** रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है।

**कन्या** धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। धन की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** धन की स्थिति में सुधार आएगा। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। आलस्य की अधिकता रहेगी। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है।

**मकर** लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखें। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ** कारोबार में सुधार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन** आय में वृद्धि होगी। माता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें।

भारतीय बाजार में पैट कमिंस से जुड़ा हाइड्रेशन ब्रांड पेस आएगा

# रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया की गुडनेस ग्रुप में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

**बेंगलुरु।** रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने ऑस्ट्रेलिया के पॉपुलर 'बेटर-फॉर-यू' बेवरेज बिजनेस गुडनेस ग्रुप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड (जीजीजी) में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है। इस सौदे के साथ कंपनी ने ऑस्ट्रेलियाई उपभोक्ता बाजार में प्रवेश के साथ अपने वैश्विक विस्तार की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। रणनीतिक साझेदारी के तहत आरसीपीएल, गुडनेस ग्रुप के प्रमुख ब्रांड




नेक्सबा तथा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट कप्तान पैट कमिंस के साथ सह-निर्मित हाइड्रेशन ड्रिंक ब्रांड पेस को भारत सहित कई नए बाजारों में उपलब्ध कराएगी। कंपनी का कहना है कि इस पहल से उसके स्वास्थ्य-आधारित पेय पोर्टफोलियो को मजबूती मिलेगी। आरसीपीएल के निदेशक टी. कृष्णकुमार ने कहा कि यह साझेदारी भारत से एक वैश्विक एफएमसीजी कंपनी के रूप में आरसीपीएल को स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नेक्सबा और पेस जैसे हेल्थ-फोकस्ड ब्रांड हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत करेंगे। हमारी सप्लाई चेन और वितरण क्षमता के जरिए हम इन ब्रांडों को भारत और अन्य बाजारों में व्यापक रूप से उपलब्ध कराएंगे। हमारा लक्ष्य वैश्विक गुणवत्ता के उत्पाद किफायती कीमत पर हर उपभोक्ता तक पहुंचाना है।

### आयकर विभाग ने जारी किया नए नियमों का मसौदा

**नई दिल्ली (भाषा)।** आयकर विभाग ने शनिवार को नए आयकर अधिनियम 2025 के तहत नियमों और प्रपत्रों का मसौदा जारी किया, जिसमें प्रावधानों को सरल बनाने एवं अनुपालन के बोझ को कम करने का प्रस्ताव है ताकि इसे समझना आसान हो और यह करदाताओं के अनुकूल हो। नया आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल से प्रभावी होगा, जो छह दशक से अधिक पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर विभाग ने हितधारकों से आयकर नियम, 2026 के मसौदे और प्रपत्रों पर 22 फरवरी तक टिप्पणियां मांगी हैं। इसके बाद, नए अधिनियम के तहत नियमों और प्रपत्रों को अधिसूचित किया जाएगा।

### मंत्री शाह ने चौथी बार मांगी माफी कहा- भविष्य में नहीं होगी 'गलती'

**भोपाल (विशेष प्रतिनिधि)।** प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया मामले में चौथी बार माफी मांगी है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि मैंने पहले भी कई बार कहा है, आज फिर दोहरा रहा हूं, मेरा ऐसा कोई उद्देश्य नहीं था कि किसी महिला अधिकारी, भारतीय सेना या समाज के किसी भी वर्ग का अपमान हो। निस्संदेह मेरे शब्द, मेरी भावना के अनुरूप नहीं थे। शब्द देशभक्ति के उत्साह, उत्तेजना और आवेश में निकले थे। आप सब जानते हैं कि मेरी कोई दुर्भावना नहीं थी। मैंने अंतःकरण से क्षमा याचना की है, कई बार की है, अब फिर कर रहा हूं। शाह ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों की मर्यादा और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र./1295/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 06/02/2026

**तीसरा ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**


नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 185126 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Besed sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Year of Operation and Maintenace of The Entire System in Nagar Palika Parishad, Mungeli under SBM 2.0 | 624.09 | 22.02.2026 |

टीप - 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

## शब्द पहेली - 6132




**बाएँ से दाए**
1. जाति,समाज,बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर,टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह,लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा,कम-2
13. मोटा आटा,दानेदार-4
15. गौरव,अभिमान-3
17. विष्णु,नारायण-4
20. वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21. होशियार,दक्ष-3
23. उचित,सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा,करतब-4
29. भर्त्सना,धिक्कार-3
31. गुलाम,परतंत्र-4
32. बेल,लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद,टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

**ऊपर से नीचे**
1. विधेयक,देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत,विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव,मृत शरीर-2
6. बंधु,सजातीय,भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा,आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन,लय,सुर-2
14. इच्छा,कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी,अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम,मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा,रात्रि-2
28. कहासुनी,कलह-4
30. तल्ला,पैंदा-2
31. गुलामी,पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना,चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त,सखा-2

**शब्द पहेली- 6131 का हल**





## राष्ट्रपति ने साइबर सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

# माओवादियों के खिलाफ कार्रवाई से बस्तर में भय का अंतः राष्ट्रपति मुर्मू

### स्कूलों में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता को शामिल करने पर दिया जोर

### सरकार की तैयारी और तकनीक की नई चुनौतियां बताई

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़) (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि माओवादियों के खिलाफ सरकार की निर्णायक कार्रवाई ने बस्तर क्षेत्र में भय व अविश्वास के माहौल का अंत कर दिया है और विकास का एक नया सवेरा हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में तीन दिवसीय संभागीय स्तर के बस्तर पंडुम उत्सव का उद्घाटन करने के बाद हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हुए लोगों से अपील कि वे संविधान और लोकतंत्र पर भरोसा रखें तथा शांति के मार्ग से विचलित करने की कोशिश करने वालों के बहकावे में नहीं आएं।



छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में 3 दिवसीय आदिवासी सांस्कृतिक उत्सव बस्तर पंडुम 2026 में राष्ट्रपति।

राष्ट्रपति ने बताया कि डिजिटल धोखाधड़ी रोकने और उसकी शिकायत दर्ज कराने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र, नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग प्रणाली और साइबर धोखाधड़ी निवारण केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं जब प्रौद्योगिकी अभूतपूर्व गति से विकसित हो रही है। ये तीव्र प्रगति गंभीर चुनौतियाँ भी ला सकती हैं, जिनमें साइबर सुरक्षा खतरे, डीपफेक, गलत सूचना और प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता शामिल हैं।

#### फिनटेक और समावेशन पर जोर

उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत की वित्तीय व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। अब किसान, छोटे दुकानदार और महिलाएं बैंक खातों में पैसा पा रही हैं और डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल कर रही हैं। उनके लिए फिनटेक अब तकनीकी शब्द नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत बन गया है। महिलाओं पर फिनटेक को बढ़ावा देने विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## गृहमंत्री शाह पहुंचे रायपुर

### नक्सलवाद खत्म करने पर हाईलेबल मीटिंग, 'बस्तर पंडुम' में शामिल होंगे



रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रायपुर पहुंचे। रविवार को नक्सलवाद की स्थिति को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद बस्तर के लिए निकलेंगे, जहां वे पंडुम महोत्सव के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 31 मार्च 2026 नक्सलवाद खात्मे की डेडलाइन नजदीक आ चुकी है। शाह की यह बैठक राज्य और केंद्र की सुरक्षा एजेंसियों के लिए बेहद निर्णायक मानी जा रही है।

## शाह के दौरे से पहले छत्तीसगढ़ में 51 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर/सुकमा (भाषा)।** छत्तीसगढ़ में बस्तर मंडल के दो जिलों में शनिवार को कुल 1.61 करोड़ रुपये के इनामी 51 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। नक्सलवाद को खत्म करने की 31 मार्च, 2026 की समय सीमा नजदीक आने के साथ छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक आत्मसमर्पण करने वालों की संख्या लगभग 300 हो गई है। यह आत्मसमर्पण ऐसे समय हुआ जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर में 'बस्तर पंडुम 2026' उत्सव का उद्घाटन किया और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 34 महिलाएं शामिल हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि बस्तर पुलिस की 'पूना मारगेम पुनर्वास पहल' के तहत बीजापुर जिले में 20 महिलाओं समेत 30 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है जबकि पड़ोसी सुकमा जिले में 14 महिलाओं समेत 21 अन्य नक्सली मुख्यधारा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर यह कदम उठाया है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2027 तक होगा पूरा

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे 2027 तक पूरा होगा। इस मार्ग से मुंबई का सफर केवल



12 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। अभी इस यात्रा में करीब 33 घंटे का समय लगता है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मार्ग की मदद से आर्थिक एकीकरण में जबरदस्त सुधार होगा।

### मथुरा में एक्सप्रेस-वे पर 6 की मौत, कंटेनर ने रौंदा

**मथुरा।** मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर स्लीपर बस से उतरकर खड़े यात्रियों को तेज रफ्तार कंटेनर ने रौंद दिया। हादसे में 6 की मौके पर मौत हो गई। एक गंभीर घायल है। घटना शनिवार तड़के 2.45 बजे की है। बस दिल्ली के नागलोई से कानपुर देहात के रसूलाबाद जा रही थी। रास्ते में कुछ यात्रियों ने ड्राइवर को बाथरूम के लिए बस रोकने को कहा। ड्राइवर ने ग्रीन जोन की बजाय रास्ते में बस रोक दी। कुछ यात्री बस से उतरकर नीचे खड़े हो गए, तभी पीछे से आ रहे कंटेनर ने पहले बस को टक्कर मारी।

### भीड़ का हिस्सा होने पर लोगों को नहीं उठा सकते

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि तुर्कमान गेट इलाके में स्थित फैज-



ए-इलाही मस्जिद के पास पिछले महीने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हुई पथराव की घटना में केवल भीड़ का हिस्सा होने के आधार पर पुलिस राहगीरों को नहीं पकड़ सकती। न्यायमूर्ति प्रतीक जालान ने अग्रिम जमानत याचिका पर यह टिप्पणी की।

### मयूर विहार अब होगा श्री राम मंदिर मयूर विहार

**पूर्वी दिल्ली।** मयूर विहार इलाके के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई है।



मयूर विहार पॉकेट-1 मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर श्री राम मंदिर मयूर विहार कर दिया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन नेप्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। नाम बदलने से यात्रियों को स्टेशन पहचानने में आसानी होगी, बल्कि धार्मिक सांस्कृतिक पहचान बढ़ेगी।

### शरद से सलाह लेते दिखे पार्थ पवार

**मुंबई।** एक बार फिर पूरा पवार कुनबा एक साथ नजर आया। महाराष्ट्र की राजनीति के केंद्र



बारामती से यह तस्वीर सामने आई है जिसमें पार्थ पवार और शरद पवार एक साथ बैठकर गुफ्तगू करते नजर आ रहे हैं। सियासी गलियारों में अटकलों का बाजार गर्म है। बारामती में पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन पर दशक्रिया के दौरान यह दिखा। परिवार एकजुट दिखा।

## रितु तावड़े ने नामांकन किया, कोई अन्य चुनावी मैदान में नहीं

# तावड़े निर्विरोध बनेंगी मुंबई की पहली भाजपा महापौर

- 227 सदस्यीय बीएमसी निकाय चुनाव में भाजपा 89 सीट सबसे बड़ी पार्टी बनी
- 1997 से 25 वर्षों तक राज करने वाली शिवसेना (उबाठा) ने 65 सीटें जीतीं

### शिंदे गुट ने संजय घाड़ी को डिप्टी मेयर के लिए चुना

भाषा ▶▶ मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुंबई में अपना पहला महापौर बनाने जा रही है, जिससे इस शहर के नगर निकाय में ठाकरे परिवार का 25 साल का दबदबा खत्म हो जाएगा। भाजपा पार्षद रितु तावड़े ने शनिवार को इस पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। महायुति में भाजपा के सहयोगी दल शिवसेना ने संजय घाडी को उपमहापौर पद के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। किसी भी अन्य दल की ओर से नामांकन न होने की वजह से रितु का निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है।

तावड़े और घाडी ने मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, भाजपा की मुंबई इकाई के प्रमुख अमित साटम, पूर्व शिवसेना सांसद राहुल शेवाले और महायुति के अन्य नेताओं की मौजूदगी में महानगरपालिका के सचिव के कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। शिवसेना सचिव संजय मोरे ने एक बयान में कहा है कि वार्ड 5 के पार्षद घाडी 15 महीने तक महापौर के पद पर पर काम करेंगे। वह शिवसेना (उबाठा) के उन वरिष्ठ पूर्व पार्षदों में से एक थे, जो पाला बदलकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए थे। मुंबई में उपमहापौर का कार्यकाल बांटकर शिवसेना अपने चार और पार्षदों को इस पद पर मौका देना चाहती है। भाजपा महापौर उम्मीदवार तावड़े 2012 में पार्टी में शामिल हुई थीं।



#### उपमहापौर का कार्यकाल 15 महीने का होगा

तावड़े पार्षद के तौर पर अपने पहले कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा समिति की अध्यक्षता कीं। घाटकोपर पूर्व (वार्ड 132) की दो बार की पार्षद अपने पिछले कार्यकाल के दौरान दुकानों में पुतलों पर आपत्तिजनक कपड़ों का मुद्दा उठाने के लिए सुर्खियों में आई थीं। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए साटम ने कहा कि मुंबई को 44 साल बाद भाजपा का महापौर मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ महायुति बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भ्रष्टाचार के चंगुल से आजाद कराने का काम करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आजादी सभी को है। हमारे पास 118 पार्षदों का समर्थन है और ज्यादा सदस्यों का भी समर्थन है।" साटम ने कहा कि शिवसेना ने ज़्यादा पार्टी कार्यकर्ताओं को मौका देने के लिए उपमहापौर का कार्यकाल 15 महीने का रखा होगा। भाजपा नेता ने कहा कि महायुति ने पहले दिन से ही कहा था कि मुंबई का महापौर मराठी और हिंदू होगा।

#### सत्तारूढ़ गठबंधन के पास कुल 118 पार्षद

गौरतलब है कि 227 सदस्यीय बीएमसी के चुनाव में भाजपा 89 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि शिवसेना ने 29 सीट जीतीं। सत्तारूढ़ गठबंधन के पास कुल 118 पार्षद हैं और उसने बहुमत के 114 के आंकड़े को पार कर लिया है। बीएमसी में 1997 से 25 वर्षों तक राज करने वाली शिवसेना (उबाठा) ने 65 सीट जीतीं, जबकि उसके सहयोगी मनसे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने क्रमशः छह और एक सीट जीती।

#### महाराष्ट्र की 12 जिला पंचायतों में चुनाव

### डिप्टी सीएम सुनेत्रा ने भी वोट डाला



**मुम्बई।** महाराष्ट्र में 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव के लिए शनिवार को लगभग 67 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बारामती में शनिवार को महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव के लिए वोटिंग हुई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मतदान किया है। उन्होंने 7 फरवरी की सुबह काटेवाड़ी स्थित जिला परिषद स्कूल पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग किया। उनके साथ पुत्र पार्थ पवार भी मौजूद रहे। इन चुनावों में कुल 731 जिला परिषद और 1,462 पंचायत समिति सीटों के लिए 7,438 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## इस्लामाबाद मस्जिद धमाके के खिलाफ भड़के

# कश्मीर में शिया मुसलमानों का पाकिस्तान विरोधी प्रदर्शन



एजेंसी ▶▶ बारामूला

कश्मीर में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन देखने को मिले हैं। शिया मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस्लामाबाद की एक मस्जिद में हुए आत्मघाती बम धमाके के विरोध में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन शुक्रवार दोपहर से कश्मीर के अलग-अलग इलाकों में शुरू हुए।

शनिवार भी बारामूला जिले के हंजीवारा पट्टन इलाके में भी लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। खास बात यह रही कि इस विरोध प्रदर्शन में बच्चों ने भी हिस्सा लिया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मस्जिद में हुए हमले ने इंसानियत को शर्मसार किया है और ऐसे आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। लोगों का कहना है कि धर्म के नाम पर की जा रही हिंसा को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हंजीवारा पट्टन से सामने आए विजुअल्स में देखा जा सकता है कि लोग शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज करा रहे हैं। फिलहाल हालात शांत बताए जा रहे हैं और सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

#### ■ सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं

### नवीन ने त्रिशूर में दीवार पर कमल बना भाजपा के केरल विस चुनाव अभियान की शुरुआत की



**त्रिशूर (केरल) (भाषा)।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दीवार पर कमल का चित्र बनाकर केरल में विस चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान की शुरुआत की। नवीन दो दिवसीय दौरे पर हैं, इस दौरान उन्होंने एर्नाकुलम और त्रिशूर जिलों में विभिन्न स्थानों का दौरा किया, भाजपा और राजग नेताओं के साथ बैठकें की और पार्टी कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने चुनाव अभियान की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए त्रिशूर शहर के बूथ 164 में एक दीवार पर कमल का चित्र बनाया।

## बाइक सवार बदमाश ने की वारदात

# पंजाब में रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर की पत्नी की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶ होशियारपुर

पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव में मोटरसाइकिल पर सवार एक आदमी ने 62 साल की एक महिला को गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि महिला, जो पंजाब पुलिस के एक रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर की पत्नी थी।

महिला मेहंदवानी गुजरां गांव में पास के एक धार्मिक स्थान भूरी वालेयां दी कुटिया में माथा टेककर घर लौट रही थी। इसी दौरान हमलावार ने उसे कई गोलियां मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि अभी तक हमलावार की पहचान नहीं हो पाई है। गोली लगते ही महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसके बाद उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया जा रहा था। तभी उसने दम तोड़ दिया।

### 'आप' नेता की हत्या के मामले में एक पकड़ा


**चंडीगढ़ (भाषा)।** पंजाब के जालंधर में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता लक्की ओबेरॉय की हत्या के सिलसिले में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जालंधर के मीठापुर निवासी शमिंदर सिंह के रूप में हुई है, जिसे अमृतसर के खासा इलाके में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने बताया कि उसके पास से '.30 बोर' की पिस्तौल जब्त की गई है।

## बरसाना जाने वालों के लिए अच्छी खबर

# अब राधारानी के दर्शन के लिए नहीं लगानी पड़ेगी लंबी लाइन

एजेंसी ▶▶ बरसाना

यहां के राधारानी मंदिर में दर्शन करने आने वाले लाखों भक्तों के लिए अच्छी खबर है। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने भीड़ कंट्रोल करने के लिए एक नई और प्रभावी प्रणाली शुरू करने का निर्णय लिया है। होली के बाद, सुचारू और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रवेश मार्गों पर निःशुल्क टोकन-आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी। अब भक्तों को एक व्यवस्थित टोकन सिस्टम के माध्यम से ही लाडली जू के दर्शन प्राप्त हो सकेंगे। इस व्यवस्था के तहत, मंदिर परिसर के भीतर स्पेशल काउंटर तैयार किए



जाएंगे जहां भक्तों को निःशुल्क टोकन दिए जाएंगे। दर्शन की अनुमति इन टोकन नंबरों के अनुसार ही दी जाएगी। यह सिस्टम उन सभी श्रद्धालुओं पर लागू होगा जो सीढ़ियों, रोपवे या परिक्रमा मार्ग के जरिए मंदिर पहुंचेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य दर्शन के दौरान होने वाली भारी भीड़ और अफरा-तफरी को रोकना है, साथ ही इससे आने वाले भक्तों की संख्या का सटीक आकलन भी किया जा सकेगा।

## शुक्रवार देर रात की गई गिफ्तारी

# नहीं मिली पप्पू यादव को जमानत, 2 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा



**पूर्णिया।** पूर्णिया बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय लोकसभा सांसद पप्पू यादव को आधी रात में गिरफ्तार किया गया था। अब कोर्ट ने उन्हें दो दिनों की न्यायिक हिरासत पर भेज दिया है। उनकी जमानत पर अब सोमवार को सुनवाई होगी। यादव को पटना पुलिस ने 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार किया था। यादव फिलहाल पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती रहेंगे। एमपी-पीएमएलए कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### राहुल-प्रियंका उनके समर्थन में उतरे

#### सरकार का रवैया खौफनाक दिख रहा




लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, पटना में नीट की आकांक्षी छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत और उसके बाद की पूरी कार्रवाई ने एक बार फिर सिस्टम की गहरी सड़ांध को उजागर कर दिया है। पीड़ित परिवार ने जब निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की, तो वही पुराना भाजपा-एनडी मॉडल सामने आ गया – केस को भटकाओ, परिजनों को प्रताड़ित करो और अपराधियों को सत्ता का संरक्षण दो। सरकार का रवैया उससे भी ज्यादा खौफनाक है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने कहा कि हाथरस, उन्नाव से लेकर अंकिता भंडारी और पटना तक- जहां भी महिलाओं के साथ अत्याचार होता है, भाजपा की सरकारें पीड़िता को न्याय दिलाने की जगह आरोपियों के साथ खड़ी हो जाती हैं। इस केस में आवाज उठा रहे यादव की गिरफ्तारी इसी असंवेदनशील रवैये की एक और कड़ी है। भाजपा और उनके सहयोगियों का एजेंडा स्पष्ट है। वे अन्याय और अत्याचार के साथ खड़े हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे, बोले संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# न पावर चाहिए, न पॉपुलैरिटी.... दुनिया देख रही काम

### वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया

एजेंसी ▶▶ वर्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं। इसके उपलक्ष्य में शनिवार को मुंबई के वर्ली स्थित नेहरू सेंटर में एक भव्य और ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस आयोजन का नाम 'मुंबई व्याख्यानमाला' है। इसमें देश के नामचीन लोगों के शामिल होने की सभावना है। शाम 4 बजे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत मंच से संबोधन दिया। इस अवसर पर वे 'संघ यात्रा के 100 वर्ष- नए क्षितिज' विषय पर अपने विचार रखे। भागवत ने कहा कि संघ का काम एक अनोखा काम हैं. पूरी दुनिया में ऐसा काम नहीं हैं. संघ को देखने के लिए देश विदेश से लोग आते हैं। संघ को पब्लिसिटी, पावर या पॉपुलैरिटी नहीं चाहिए।



#### संघ हमेशा देश की गतिविधियों के केंद्र में रहा

देश के गतिविधियों के केंद्र में संघ का नाम आता हैं, इसलिए वे देखने आते हैं। हमारी जवान पीढ़ी में ऐसा कुछ करने की इच्छा हैं , ये पद्यति आप हमको सीखा सकते है क्या? संघ को ऊपर से और दूर से देखेंगे तो भी गलतफहमी होती हैं। संघ के स्वयंसेवकक रूट मार्च करते हैं, लेकिन संघ पैरामिलिटरी आर्गेनाइजेशन नहीं हैं।

#### संघ राजनीतिक पार्टी नहीं

संघ के स्वयंसेवक राजनीति में भी हैं, लेकिन संघ राजनीतिक पार्टी नहीं हैं। इसलिए संघ को जानना है, तो संघ को अंदर से आ कर देखना होगा। संघ का काम पूरे देश के लिए हैं। संघ किसी दूसरे संगठन के कंपटीशन में निकला नहीं हैं। संघ किसी के विरोध में नहीं है।

#### संघ पैरामिलिट्री संगठन या पॉलिटिकल पार्टी नहीं


भागवत ने भाषण में कहा कि आरएसएसन तो कोई पैरामिलिट्री संगठन है और न ही कोई पॉलिटिकल पार्टी। संघ से जुड़े लोग भले ही पॉलिटिक्स में एक्टिव हों, लेकिन संगठन खुद पॉलिटिकल नहीं है। यह कोई रिएक्शनरी संगठन भी नहीं है। संघ किसी के खिलाफ नहीं है। संघ हर धर्म का सम्मान करता रहा है। सभी लोग अपने धर्म के पालन के लिए स्वतंत्र हैं। संघ के कार्यक्रम को आप यहां देख सकते हैं। इस कार्यक्रम में साधु-संत के साथ-साथ कई गणमान्य जुटे रहे।

## नागौर से सामने आया अनोखा मामला

# ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन ले उड़ा कबूतर, गले में डाला

एजेंसी ▶▶ नागौर

राजस्थान के नागौर जिले से सामने आया एक अनोखा और हैरान करने



वाला मामला इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। यहां एक कबूतर ज्वेलरी शॉप से सोने की चेन चोंच में दबाकर उड़ गया और कुछ ही देर बाद उसे अपने गले में डालकर बैठा नजर आया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एक ओर देशभर में सोने-चांदी के भावों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, वहीं नागौर से सामने आए इस वीडियो ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। 'सोने की चेन पहने कबूतर' की इस अनोखी तस्वीर ने न सिर्फ सर्राफा कारोबारियों बल्कि आम लोगों को भी चौंका दिया है। यह वायरल वीडियो नागौर जिले के डेगाना कस्बे का है। बाजार में स्थित एक ज्वेलरी शॉप पर रोज की तरह सोने के आभूषण तैयार किए जा रहे थे। दुकान के काउंटर पर कारीगर सोने की चेन पर काम कर रहे थे।

**भारत और अमेरिका के मध्य दीर्घकाल से जारी बातचीत के तत्पश्चात व्यापार समझौते को लेकर एक सकारात्मक सहमति बन गई है। व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर आयाद किया गया 50 फीसदी टैरिफ घटाकर मात्र 18 फीसदी कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ घटने से भारतीय बाजार में उत्साह है। बताया जा रहा है कि अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल आयात बंद करने के लिए दबाव बनाया है। हालांकि, अभी तक इस बारे में मोदी सरकार की ओर से कोई स्पष्ट बयान नहीं आया है। वहीं, कृषि फसलों को लेकर देश का किसान वर्ग चिंतित है। विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार को घेरने की तैयारी में है, जबकि कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। अमेरिकी के साथ यह ट्रेड डील भारत के लिए लाभदायक होगी या नहीं, इसी का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के मायने



**विश्लेषण**
प्रभात कुमार राय
विदेशी मामलों के जानकार

भारत और अमेरिका के मध्य दीर्घकाल से जारी बातचीत के तत्पश्चात व्यापार समझौते को लेकर एक सकारात्मक सहमति बन गई है। हालांकि अभी तक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का संपूर्ण प्रारूप सामने नहीं आया है। व्यापार समझौते के विषय में केवल राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा किया गया ऐलान और अमेरिकी प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड द्वारा प्रदत्त जानकारी ही उपलब्ध हुई है। मैकलियोड ने फरमाया कि भारत द्वारा रूस से तेल का आयात बंद कर देने के वादे के तत्पश्चात भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमति बन गई है। व्यापार समझौते की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से अमेरिका को आयात किए जाने वाले सामान पर आयाद किया गया 50 फीसदी टैरिफ घटाकर मात्र 18 फीसदी कर दिया है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा रूस से तेल का आयात एकदम बंद कर देने के विषय में कोई उद्घोषणा अभी तक नहीं की गई है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बाकायदा ऐलान किया है कि यदि भारत द्वारा पूर्णरूपेण रूस से तेल का आयात रोका नहीं किया गया तो फिर अमेरिका-भारत व्यापार समझौता रद्द कर दिया जाएगा।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने बाकायदा ऐलान किया है कि यदि भारत द्वारा पूर्णरूपेण रूस से तेल का आयात रोका नहीं किया गया तो फिर अमेरिका-भारत व्यापार समझौता रद्द कर दिया जाएगा। यदि वास्तव में भारत ने रूस से तेल आयात रोक दिया तो मोदी को अपनी शक्तिशाली राजनीतिक छवि बचाना मुश्किल हो जाएगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अभी अमेरिका में कोई इंवेस्टमेंट करने का कमिटमेंट नहीं किया गया है। यह स्वाभाविक है कि भारत को विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए अधिक प्रोडक्ट खरीदने पड़ सकते हैं।**

## रूस से तेल का आयात कम

उधर, रूस सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि रूस से तेल नहीं खरीदने को लेकर भारत ने कोई जानकारी अभी तक प्रदान नहीं की है। उल्लेखनीय है कि भारत अमेरिकी व्यापार समझौते से पहले ही भारत सरकार द्वारा रूस से तेल का आयात काफी कम कर दिया गया है। विगत कुछ वर्षों से रूस से भारत अपनी आवश्यकता का तकरीबन 50 प्रतिशत तेल आयात करता रहा था, किंतु अब केवल 25 प्रतिशत तेल आयात कर रहा है। रूस से तेल आयात कम कर देने के सवाल पर विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार पर अत्यंत आक्रामक है। विपक्ष द्वारा यह इल्जाम लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। यदि वास्तव में ही भारत ने अमेरिका व्यापार समझौते के तहत रूस से तेल आयात करना एकदम रोक दिया तो नरेंद्र मोदी को अपनी शक्तिशाली राजनीतिक छवि बचाना मुश्किल हो जाएगा। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अभी अमेरिका में कोई इंवेस्टमेंट करने का कमिटमेंट नहीं किया गया है। यह स्वाभाविक है कि भारत को विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए अधिक प्रोडक्ट खरीदने पड़ सकते हैं।

## भारत के लिए अमेरिका बड़ा बाजार

यक्ष प्रश्न है कि क्या भारत - अमेरिका व्यापार समझौते के तत्पश्चात भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक स्थिति और अधिक शक्तिशाली बन जाएगी अथवा कमजोर पड़ जाएगी। भारत का राजनीतिक विपक्ष इस वक्त जबकि भारत अमेरिका समझौता एक प्रारूप ले चुका है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर बेहद आक्रामक है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका वस्तुतः भारतीय निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार रहा है। इस व्यापार समझौते के बाद होने वाले परिवर्तनों में छोटे निवेशकों की चिंता बहुत कुछ बढ़ा दी है। इसका कारण यह है कि आने वाले वक्त में भारत से अमेरिका को 800 डॉलर तक के सामान को बिना शुल्क भेजने की सुविधा समाप्त कर दी जाएगी। विगत वर्ष 2025 में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा टैरिफ युद्ध प्रारंभ किया गया था तो फिर चरणबद्ध तौर तरीकों से भारतीय सामान पर 50 फ़ीसदी तक टैरिफ आयद कर दिया गया था। सर्वविदित है कि क्या भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थकों में एक विशाल संख्या छोटे उद्योगों के मालिकों और उनमें कार्य करने वाले करोड़ों श्रमिकों की रही है।

## रोजगार और आय प्रभावित

अमेरिका को निर्यात करने वाले सामान में आई कमी का सीधा प्रभाव रोजगार और आय पर पड़ता है। अमेरिका की धारा 321 के अंतर्गत मिलने वाली सुविधा कस्टम प्रक्रिया को भी तेल और सम बनती है जिससे निर्यातक पूरी तरह अनुपालन के साथ व्यापार कर सकते थे इस सुविधा के अभाव में भारतीय निर्यातक यकीनन उन देशों की तुलना में पिछड़ जाएंगे जिन्हें अभी तक ऐसी छूट उपलब्ध है। अमेरिकन टैरिफ आयद होने के बाद हस्तशिल्प और श्रम पर आधारित उत्पाद बनाने वाले छोटे उद्यमी अब अधिक लागत के कारण अमेरिका बाजार में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहे हैं। पहले से मिलने वाली सीमा ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय व्यापार को भी सुगम बनाती थी। अमेरिकी ग्राहकों को सीधे भारतीय उत्पाद पहुंचना होता था। अतिरिक्त शुल्क या जटिल दस्तावेज की प्रक्रिया की आवश्यकता ही नहीं होती थी। रूस भारत का दशकों पुराना मित्र रहा है। भारत एक गुटनिरपेक्ष राष्ट्र रहा है और महाशक्तियों के मध्य कशमकश के दौर में भारत किसी भी सैन्य गुट में कदाचित शामिल नहीं हुआ। अमेरिका का जबरदस्त दबाव है कि टैरिफ केवल तभी कम किया जाएगा, जबकि भारत रूस से तेल खरीदना एकदम बंद कर देगा।

इस कठिन परीक्षा में यदि भारत वस्तुतः अमेरिका के समक्ष जरा सा भी झुक गया और उसने रूस के साथ अपने आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों को शिथिल कर दिया तो फिर नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए अपनी साख बचाना बहुत ही मुश्किल हो जाएगा। राजनीतिक विपक्ष को भरपूर मौका मिल जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को कटघरे में खड़ा कर सके और राष्ट्र के हितों को ताक पर रखने का संगीन इल्जाम आयद कर सके। इस राजनीतिक स्थिति को नरेंद्र मोदी की सरकार बाकायदा समझती है। अतः डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर थोपी गई रूस से तेल एकदम नहीं खरीदने की शर्त को कदाचित भी मोदी सरकार स्वीकार नहीं करेगी।

## भारत न झुका है और न झुकेगा

डोनाल्ड ट्रंप लैटिन अमेरिकन देश वेनेजुएला के तेल पर आधिपत्य करने के पश्चात यह दावा पेश कर रहे हैं कि उनके पास दुनिया का 70 प्रतिशत तेल है। डोनाल्ड ट्रंप का दबाव है कि भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदना पड़ेगा। एक हद तक भारत ने अमेरिका के कृषि क्षेत्र के लिए अपना मार्केट खोल दिया है। हालांकि मुख्य तौर पर भारत के डेयरी क्षेत्र और मुख्य कृषि उत्पादन के लिए अमेरिकन कृषि उत्पादों के लिए भारतीय मार्केट नहीं खोला गया है। भारत ने यूरोपीय यूनियन के साथ भी सम्मानजनक व्यापार समझौते पर दस्तखत किए हैं। केवल अमेरिका ऐसी अनुचित शर्त भारत पर थोपने की कोशिश कर सकता है कि भारत अमेरिका के कूटनीतिक हुकुम का पालन करे। भारत कभी भविष्य में ऐसा नहीं करेगा।



# भारत के हित में है अमेरिकी ट्रेड डील



**मुद्दा**
अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

महीनों बातचीत के उपरांत आखिरकार भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील ने मूर्त रूप लेना शुरू कर दिया है। अमेरिकी टैरिफ घटने से बाजार बम-बम है और कारोबार का पहिया नाच उठा है। दोनों देशों के कारोबारियों के माथे पर जो द्विपक्षीय व्यापारिक तनाव की शिकन थी, अब वह उत्साह में तब्दील हो चुकी है। आर्थिक संबंधों की नई उर्जा के प्रवाह ने निर्यात के उछाल की उम्मीद जगा दी है। टैरिफ घटने से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक समृद्धि के द्वार खुलेंगे। भरोसे का संकट खत्म हुआ है और संबंधों के एक नए युग की नींव पड़ गई है। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जुलाई 2025 में 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया था और उसके बाद रूसी तेल खरीद पर अतिरिक्त 25 फीसदी पेनॉल्टी लगाकर टैरिफ को 50 फीसदी कर दिया था। इससे न केवल भारत की मुश्किलें बढ़ी थी, बल्कि अमेरिकी बाजार भी अनिश्चितता की भेंट चढ़ने लगा था। अर्थात टैरिफ बढ़ाने का खामियाजा अमेरिका को ही भुगतने की नौबत आन पड़ी। भारत पर टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका में न सिर्फ महंगाई बढ़ने लगी, बल्कि उसे कम जीडीपी और डॉलर के कमजोर होने का खतरा भी उत्पन्न हो गया। टैरिफ के सप्लाई-साइड इफेक्ट्स और एक्सचेंज रेट में बदलाव का नकारात्मक असर अमेरिका पर साफ दिखने लगा। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति के पास भारत पर टैरिफ कम करने का दबाव बढ़ गया। स्वागत योग्य है कि ट्रंप ने भारत से 50 फीसदी टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। रूस के साथ तेल व्यापार के चलते लगाया गया अतिरिक्त 25 फीसदी टैरिफ भी पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। सकल आंकलन करें तो 32 फीसदी टैरिफ की राहत मिली है। इससे अमेरिका में कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियों की मार्जिन में सुधार होगा और उनकी माली सेहत भी मजबूत होगी। अब भारत को दीर्घकालिक रणनीति के रोडमैप को मूर्त रूप देकर वैश्विक कारोबारी चुनौतियों से पार पाना होगा। यहां अच्छी बात यह है कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत पर अभी भी टैरिफ कम है। अब हम बेहतर उत्पाद और कम टैरिफ के साथ अमेरिकी बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर सकते हैं। इसी तरह चीन की तुलना में भी टैरिफ कम है। इस कारण चीन से हमें अतिरिक्त डिमांड मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। गौर करें तो अमेरिका ने जिन सेक्टरों पर टैरिफ घटाया है वे हमारे श्रम-उत्पाद निर्यात की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं। इन सेक्टरों से हम बड़े पैमाने पर अमेरिका को निर्यात करते हैं। इनमें रेडिमेड गारमेंट, जूलरी, झींगा मछली, हीरे-जवाहरात, इंजीनियरिंग सामान, कीमती पत्थर इत्यादि प्रमुख हैं। गौर करें तो अमेरिकी टैरिफ घटने से सोने-चांदी की जूलरी पर 25 फीसदी, रेडिमेड गारमेंट पर 37 फीसदी, कालीन पर 13.7 फीसदी, बेडशीट पर्दे पर 27 फीसदी और झींगा तथा हीरे पर 7 फीसदी टैरिफ कम हुआ है। इससे इन सेक्टरों के उत्पादों की लागत में कमी आएगी और डिमांड बढ़ेगी। टैरिफ में कमी का सीधा फायदा भारत के उन उद्योगों को मिलेगा, जहां बड़ी संख्या में श्रमिक काम कर रहे हैं। दूसरी ओर, टैरिफ कम होने से भारतीय उपभोक्ताओं को लैपटॉप, मोबाइल, गैजेट्स, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और उनके पार्ट कम कीमत पर उपलब्ध होगा। ट्रेड डील पर संशय के बादल छंटने से अब विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रुख तेज करेंगे। विशेष रूप से अमेरिकी निवेशकों का भारतीय बाजार पर भरोसा बढ़ेगा। ऐसा इसलिए कि भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध वर्तमान में अपने सबसे मजबूत दौर में है। वर्ष 2000 से वर्ष 2025 के बीच अमेरिका भारत में तीसरा सबसे बड़ा विदेशी निवेशक रहा है, जिसमें 70.65 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। वित्त वर्ष 2025 में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 132.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा। अच्छी बात यह है कि भारत अपने संवेदनशील क्षेत्रों मसलन कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। इसे लेकर ढेर सारी आशंकाएं जताई जा रही थी, लेकिन कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने दो टूक कहा है कि देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित सुरक्षित रहेंगे। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते को नई ऊंचाई मिलेगी और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे।

***कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने दो टूक कहा है कि देश के किसानों और दुग्ध उत्पादकों के हित सुरक्षित रहेंगे। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील से दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते को नई ऊंचाई मिलेगी और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे।***

# रूस से तेल खरीद पर संशय बरकरार



**रणनीति**
डा. एन. के. सोमानी
वरिष्ठ पत्रकार

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतिक्षित व्यापार समझौते पर सहमति हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति दोस्ती और सम्मान के कारण और उनके अनुरोध पर व्यापार समझौते पर सहमति जताई है। समझौते के तहत अमेरिका एक कम पारस्परिक वाले टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। जबकि नई दिल्ली अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क घटाकर शून्य कर देगी । ट्रंप ने अपनी पोस्ट में यह भी कहा कि भारत ने रूस से तेल आयात को शून्य करने पर सहमति जताई है। भारत अब रूस की बजाए अमेरिका और वेनेजुएला से तेल खरीदना शुरू करेगा। इससे यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने में मदद मिलेगी। भारत कृषि जैसे संवेदनशील बाजारों को खोलेगा और अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुएं खरीदेगा। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया में 18 प्रतिशत टैरिफ किए जाने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने ट्रंप को धन्यवाद दिया और वैश्विक शांति के लिए उनके प्रयासों के लिए समर्थन व्यक्त किया। लेकिन मोदी ने ट्रंप की उस घोषणा पर कुछ नहीं कहा जिसमें उन्होंने अमेरिका या वेनेजुएला से तेल खरीदने, कृषि बाजार खोलने की बात कही है। हालांकि मोदी सरकार ने रूस से तेल की खरीद बंद किए जाने के दावे पर सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। सरकार का कहना है कि 1.4 अरब भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी आधार पर आयात से जुड़े फैसले किए जाते हैं। ट्रंप की कथित पोस्ट के बाद जो सवाल देश को परेशान कर रहे हैं ,उनमें एक सवाल रूस से तेल खरीद को लेकर भी है। रूस भारत का रणनीतिक सहयोगी और सदाबहार दोस्त है। पिछले लंबे समय से भारत रूस से कच्चे तेल का आयात कर रहा है। वॉशिंगटन के दबाव में आकर अगर भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह से बंद कर देता है तो इससे नई दिल्ली और मॉस्को के संबंध खराब हो सकते है। जाहिर है कि भारत मॉस्को के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को खराब नहीं करेगा। हालांकि, आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले कुछ माह में भारत की रिफाइनरियों ने रूसी तेल के ऑर्डर में भारी कटौती की है। रिलायंस इंड्रस्टीज ने तो यहां तक कह दिया है कि उसे जनवरी 2026 में रूस से कोई तेल नहीं मिला। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में आयात में लगभग 27 प्रतिशत की कमी आई हैं । नवंबर में यह 3.7 अरब डॉलर था। दिसंबर 2024 के मुकाबले पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में यह 15 प्रतिशत कम है। दिसंबर 2025 में भारत के कुल 11.4 अरब डॉलर के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी 24 प्रतिशत रही। अहम बात यह है कि इस अवधि के दौरान अमेरिका से तेल आयात की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। दरअसल, अमेरिकी प्रतिबंधों और बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच रूस से होने वाला आयात पिछले कई महीनों के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा है। कहा जा रहा है कि इस गिरावट का मुख्य कारण अमेरिका द्वारा रूस की दिग्गज तेल कंपनियों रोजनेफट और लुकोइल पर लगाए गए कड़े प्रतिबंध है। दूसरा अहम सवाल यह है कि क्या भारत को वेनेजुएला से तेल खरीदना चाहिए। दरअसल वेनेजुएला की भारत से दूरी काफी ज्यादा है। इससे तेल की लागत हर बैरल पर 374 डॉलर बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में जब तक वेनेजुएला भारत को तेल खरीद पर बड़ी छूट न दे भारत को फायदा नहीं होगा। ऐसे में अगर भारत ट्रंप की इस मांग को दरकिनार कर देता है तो क्या समझौता मूर्त रूप ले सकेगा यह सवाल भी अहम है। इन तमाम सवालों के जवाब तभी सामने आएंगे, जब व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। हालांकि समझौते को लेकर टंप प्रशासन और मोदी सरकार दोनों अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। जब तक समझौते का वास्तविक स्वरूप अर्थात ड्राफ्ट सामने नहीं आता, तब तक यह कहना मुश्किल है कि समझौते में बनी सहमति किसके हित सुनिश्चित करती है।

***वॉशिंगटन के दबाव में आकर अगर भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद पूरी तरह से बंद कर देता है तो इससे नई दिल्ली और मॉस्को के संबंध खराब हो सकते है।***

# टैरिफ वार छेड़ने वाले ट्रंप आखिर भारत के सामने नतमस्तक हुए



**कूटनीति**
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था यूरोपीय संघ और भारत ने मुक्त व्यापार समझौता करने की घोषणा की है। इसे दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक समझौतों में से एक कहा जा रहा है। कहा तो ये भी जा रहा है कि इस समझौते की सबसे बड़ी वजह मौजूदा वैश्विक राजनीति है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप कारोबार का इस्तेमाल अन्य देशों पर दबाव बनाने के लिए एक कूटनीतिक हथियार की तरह कर रहे हैं। अमेरिका की इसी आक्रमकता का जवाब देने के लिए यूरोपीय संघ और भारत तेज़ी से मुक्त व्यापार समझौते की तरफ बढ़े हैं।

इस समझौते को लेकर दोनों पक्षों में सैद्धांतिक सहमति बन गई है, लेकिन इसके प्रभावी होने में अभी लंबा वक़्त लग सकता है क्योंकि इसे क़ानूनी रूप देने के लिए यूरोपीय संघ की पार्लियामेंट और यूरोपीय परिषद में पारित करवाना है। बहरहाल, भारत और यूरोपीय संघ के बीच हुआ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक शक्ति संतुलन और भारत की रणनीतिक प्राथमिकताओं का भी संकेत देता है। यह डील ऐसे समय में सामने आई है, जब अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ा हुआ है और अमेरिका भारतीय निर्यात पर भारी टैरिफ लागू कर चुका है। लेकिन यूरोपीय संघ और भारत के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौता अमेरिका को आर्थिक से ज़्यादा राजनीतिक और रणनीतिक स्तर पर असहज कर दिया। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आखिरकार झुकना पड़ा और भारतीय सामानों पर लगने वाला टैरिफ 25 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करना पड़ा। यह फैसला इसलिए भी चौंकाने वाला रहा क्योंकि इससे पहले तक बातचीत बेनतीजा रही थी और अमेरिका लगातार भारत पर दबाव बना रहा था।

यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव की भी मिसाल है। ट्रंप के इस फैसले के पीछे भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच हुई बड़ी ट्रेड डील अहम वजह बनी। इस डील से भारत की ताकत बातचीत में बढ़ गई और अमेरिका को यह डर सताने लगा कि कहीं वह पीछे न छूट जाए। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने कुछ दिन पहले ही भारत--ईयू डील को विकास, निवेश और रणनीतिक साझेदारी के लिए बड़ा कदम बताया था। गौरतलब है, दुनिया को जब ट्रंप का टैरिफ वॉर झकझोर रहा था, तब भारत ने सीधे टकराव की बजाय कूटनीति का रास्ता चुना। भारत ने अपने उत्पादों के लिए वैकल्पिक बाजार तलाशे। यूरोपियन यूनियन के साथ ऐतिहासिक डील, ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड जैसे देशों के साथ समझौतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ा दिया। ट्रंप को समझ आ गया कि भारत के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़ना एक बड़ी गलती थी। यह समझौता सिर्फ़ कारोबार तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसके प्रभाव वैश्विक राजनीति पर भी होंगे, ख़ासकर अमेरिकी की आक्रामक कारोबार नीति पर। अमेरिका लंबे समय से भारत जैसे बड़े बाज़ार के साथ एक बड़ी ट्रेड डील करना चाहता था, ताकि वह भारतीय बाजार से अधिकतम लाभ उठा सके। यूरोपीय संघ के साथ समझौता आगे बढ़ाने का भारत का फैसला उसकी रणनीतिक स्वतंत्रता को दर्शाता है। इसी कदम ने संभवतः अमेरिका को यह संकेत दिया कि अगर वह भारत के साथ समझौता जल्दी नहीं करता, तो उसे रणनीतिक और आर्थिक नुकसान हो सकता है। यही वजह है कि ट्रंप को अपनी रणनीति भारत के खिलाफ बदलने पड़े। भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों जैसे कि रूसी कच्चा तेल पर समझौता किए बिना भी वैश्विक शक्तियों के साथ बराबरी के स्तर पर व्यापार कर सकता है। नतीजा यह हुआ कि टैरिफ वॉर में भारत मजबूती से खड़ा रहा और आखिरकार झुकना अमेरिका को पड़ा। बहरहाल, यह समझौता भारत के लिए कई महत्वपूर्ण सबक और चुनौतियां पेश भी करता है। भारत को अपनी निर्यात रणनीतियों और व्यापार समझौतों को इस बदलते सीन के अनुरूप ढालना होगा।

अगर अमेरिका और ईयू जैसे बड़े ब्लॉक द्विपक्षीय समझौतों पर फोकस करते हैं तो भारत को अपनी सप्लाई चेन को और अधिक लचीला और विविध बनाने की जरूरत होगी ताकि एक या दो प्रमुख बाजारों पर निर्भरता कम हो सके। ये समझौता भारत को अपने खुद के मुक्त व्यापार समझौतों को तेजी से अंतिम रूप देने और मजबूत करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह ग्लोबल ट्रेंड भारत को 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों के माध्यम से अपने स्वदेशी उत्पादन और आत्मनिर्भरता को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है ताकि वह बाहरी झटकों के प्रति कम संवेदनशील बने।



**यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव की भी मिसाल है। ट्रंप के इस फैसले के पीछे भारत और ईयू के बीच हुई बड़ी ट्रेड डील अहम वजह बनी।**

# कृषि उपज के लिए बाजार न खोलना बड़ी सफलता



**ट्रेड डील**
उमेश चतुर्वेदी
राजनीतिक समीक्षक

इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राज्य अमेरिका बरसों से भारतीय कृषि बाजार में बड़ी और व्यापक पहुंच हासिल करने की कोशिश में है। हाल ही में अमेरिका के साथ भारत ने महत्वपूर्ण व्यापार समझौता किया है। इसके तहत अमेरिकी बाजारों में भारतीय सामान 18 प्रतिशत के ही टैरिफ पर उपलब्ध हो सकेंगे। शनिवार को जारी मसौदे के मुताबिक भारत ने अपने कृषि क्षेत्र को अमेरिका के लिए नहीं खोला।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय सामानों पर मनमाने तरीके से थोपे गए पचास प्रतिशत के टैरिफ के मुकाबले मौजूदा व्यापार समझौते के तहत 18 प्रतिशत का टैरिफ कम ही कहा जाएगा। हालांकि अतीत के करीब तीन प्रतिशत के मुकाबले फिर भी यह बहुत ज्यादा है। बहरहाल, इसी समझौते के मद्देनजर जिस तरह से अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रुक लेस्ली रोलिंग्स ने खुशी जताई, उससे भारतीय किसान आशंकित हो उठे। भारतीय किसानों के आशंकित होने की वजह रोलिंग्स का बयान ही नहीं, अमेरिकी कृषि विभाग की कोशिशें भी हैं। रोलिंग्स ने व्यापार समझौते पर तीन फरवरी को एक्स पर खुशी जताते हुए लिखा कि यह समझौता अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत के विशाल बाजार में अधिक निर्यात करने में मदद करेगा, जिससे ग्रामीण अमेरिका में नकदी आएगी। रोलिंग्स ने उम्मीद जताई कि नए व्यापार समझौते की वजह से विशाल आबादी वाला भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए महत्वपूर्ण बाजार हो सकता है। इसके चलते भारतीय किसानों का आशंकित होना जायज है। अमेरिका का कृषि व्यापार घाटा पचास अरब डॉलर है, इसलिए वह लगातार कोशिश करता रहा है कि भारत अपने कृषि बाजारों को खोले। भारत की चिंता की वजह उसकी खेती-किसानी वाली बड़ी जनसंख्या है। भारत में खेती पर करीब 10.7 करोड़ परिवार निर्भर हैं। यह जनसंख्या का करीब बासठ प्रतिशत है। अगर अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारतीय बाजारों में घुसने की अनुमति मिलती है तो भारी सब्सिडी के चलते भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों से भर जाएंगे। इससे भारतीय उत्पादों की मांग घट सकती है। ऐसे में भारतीय किसानों के सामने संकट उठ खड़ा हो सकता है। हालांकि, कृषि, किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह का कहना है कि भारत-अमेरिकी व्यापार समझौते में भारतीय कृषि और डेयरी क्षेत्र के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया गया है और किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। चौहान का यह भी कहना है कि इस कारोबारी समझौते से देश के मुख्य खाद्यान्नों, मिलेट्स, फलों, सब्जियों और डेयरी उत्पादों को पूरी तरह अलग रखा गया है। इस लिहाज से देखें तो इस कारोबार समझौते से देश के कृषि और डेयरी क्षेत्र पर किसी प्रकार का खतरा नहीं है। भारत अमेरिका समेत दुनिया के कई देशों को चावल का बड़ा निर्यातक है। भारत सरकार का दावा है कि नए टैरिफ समझौते से भारतीय किसानों के चावल और मसालों के साथ ही टेक्सटाइल का निर्यात बढ़ेगा।

समझौते के तहत भारत को अमेरिका से पांच सौ अरब डॉलर का सामान पांच सालों में खरीदना है। वैसे समझौते पर जो संयुक्त वक्तव्य जारी हुआ है, उसके तहत भारतीय कृषि बाजार को भी खोलने की बात कही गई है। लेकिन सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं। ऐसा करने की वजह यह है कि भारतीय किसान और डेयरी उद्योग को कारोबारी परेशानियां न झेलनी पड़ें। वैसे भी भारत लंबे समय से कृषि और डेयरी उद्योग को 'रेड-लाइन' यानी किनारे रखने वाला सेक्टर मानता रहा है। इसकी वजह है कि गांवों में इनसे जुड़े काफी रोजगार हैं। इन सेक्टर को खोलने को लेकर भारत की बातचीत यूरोप और ब्रिटेन से भी अटक चुकी है। ऐसे में अमेरिका के लिए इस बाजार को खोलना भारतीय किसानों के लिए नुकसानदायक तो होगा ही, राजनीतिक बवंडर की वजह भी बन सकता है। साल 2024 में भारत ने अमेरिका से 2.4 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद आयात किए थे, जिनमें ज्यादातर ताजे फल, सूखे मेवे, बादाम, अखरोट मादक पेय, कच्चा कपास, वनस्पति तेल और प्रोसेस्ड सामान हैं। भारत ने अमेरिका को 6.2 अरब डॉलर का कृषि निर्यात किया, जिनमें समुद्री उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, जड़ी-बूटियों के आयुर्वेदिक उत्पाद प्रमुख रहे। यह भारत के कुल 53.2 अरब डॉलर सालाना के कृषि निर्यात का 11.74 प्रतिशत है। कृषि और डेयरी उत्पाद के कारोबार के इसी असुंलन की वजह से अमेरिका भारतीय बाजार में घुसने की लगातार कोशिश कर रहा है, लेकिन भारतीय सूत्र इससे साफ इनकार कर रहे हैं। भारत के सामने संकट यह है कि अगर उसने इस क्षेत्र को खोला तो छोटे और सीमांत किसानों के सामने जो चुनौतियां खड़ी होंगी, उनसे वह कैसे निबट पाएगा।



**इस समझौते से, भारतीय चावल, गेहूं, सोया और मक्का जैसे अनाजों को बाहर रखा गया है और साथ ही ट्रेड डील से चीनी और डेयरी प्रोडक्ट्स भी बाहर हैं।**

**टी-20 विश्व कप मैच सुबह 11 बजे से**

## उलटफेर में माहिर अफगानिस्तान का आज न्यूजीलैंड से मुकाबला

एजेंसी ▶▶| चेन्नई



उलटफेर करने में माहिर अफगानिस्तान जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के पहले मैच में रविवार को खेल के हर विभाग में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टिम सीफर्ट और फिन एलेन के आने से शीर्षक्रम मजबूत लग रहा है लेकिन रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेवोन कोंवे को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

न्यूजीलैंड को अपने गेंदबाजों के भी फॉर्म में लौटने की उम्मीद होगी जो भारत के खिलाफ काफी महंगे साबित हुए थे। दूसरी ओर अफगानिस्तान काफी दमदार टी20 टीम है, जिसने पिछले सप्ताह वेस्टइंडीज का श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। उसके पास काफी मैच विनर खिलाड़ी है लेकिन सबसे बड़ा स्टार राशिद खान है। दुनिया भर में टी20 लीग खेलने वाले राशिद की गेंदें अब उतनी रहस्यमयी भले ही नहीं रह गई हों लेकिन वह बेहद खतरनाक गेंदबाज हैं। उनका साथ देने के लिए मुजीबुर रहमान और नूर अहमद होंगे। चेपॉक की पिच पर दोनों टीमों के स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और चूंकि मैच 11 बजे शुरू हो रहा है तो ओस की भी उतनी भूमिका नहीं होगी।

## विश्व स्तर पर छाप छोड़ने का नेपाल को मौका इंग्लैंड से भिड़ंत, मैच दोपहर तीन बजे से

एजेंसी ▶▶| मुंबई



दो बार की चैंपियन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक को उम्मीद है कि टी20 विश्व कप के पहले मैच में रविवार को उनकी टीम जब नेपाल से खेलेगी तो फोकस वेलिंगटन क्लब में हुई घटना की बजाय मैदान में प्रदर्शन पर रहेगा। इंग्लैंड ने विश्व कप की पुख्ता तैयारी की है और प्रबल दावेदारों में से एक है। इंग्लैंड को पता है कि उसे पहले ही मैच से अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड ने पिछले 17 वनडे में से 11 जीते हैं और पिछले साल दो ही गंवाए हैं। ओस के हालात में गेंदबाजी हालांकि चुनौती हो सकती है और ऐसे में अनुभवी आदिल रशीद काफी उपयोगी साबित होंगे। नेपाल के लिए यह विश्व स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका है। पिछली बार वह दक्षिण अफ्रीका को हराने के करीब पहुंच गया था और दक्षिण अफ्रीका टीम सिर्फ एक रन से जीती थी। इसके अलावा बांग्लादेश को 106 रन पर आउट कर दिया था। नेपाल ने हाल ही में दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 2-1 से हराकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है।

**गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी श्रीलंका**

## खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका का आयरलैंड से होगा सामना

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



खराब दौर से गुजर रही श्रीलंकाई टीम टी20 विश्व कप ग्रुप बी के अपने पहले मैच में रविवार को आयरलैंड से खेलेगी तो पिछली निराशाओं को भुलाकर अपने घरेलू दर्शकों को मुस्कुराने का मौका देने का इरादा होगा। भारत के साथ टूर्नामेंट की सह मेजबान श्रीलंका की तैयारी अच्छी नहीं रही है। उसे घरेलू टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया। अब श्रीलंका उन गलतियों से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगा। दूसरी ओर आयरलैंड के प्रदर्शन का दारोमदार अनुभवी पॉल स्टर्लिंग , हैरी टेक्टर और जोश लिटिल पर रहेगा। आयरलैंड आठवीं बार टी20 विश्व कप खेल रहा है और 2009 के बाद से सारे टूर्नामेंट खेला है। उसने हाल ही में इटली और यूएई को हराया है और जीत की लय कायम रखना चाहेगा। अगर वह श्रीलंका को हरा देता है तो इस ग्रुप से सुपर आठ में पहुंचने का दावेदार हो सकता है।

**खबर संक्षेप**



### चिदंबरम स्टेडियम की नई बेहतरीन आउटफील्ड

**चेन्नई।** मशहूर एमए चिदंबरम स्टेडियम में आठ महीने तक चले मरम्मत के काम के बाद बेहतरीन आउटफील्ड और पानी के निकास के लिए अच्छी 'ड्रेनेज' प्रणाली के साथ आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले समय पर तैयार हो चुका है। इतने महीनों तक यहां जेसीबी, लिफ्टर और लोडर की तेज गड़गड़ाहट गूंजती रही। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने विश्व कप नजदीक आने पर इतना समय लेने वाला काम करने का फैसला क्यों किया? यह पूछने पर इसके सचिव यू भगवानदास राव ने कहा, ' हमने पिछली बार यह आउटफील्ड शायद 2011 में बनाई थी इसलिए काफी समय हो गया था। इस पूरे काम में हमें जून (2025) से शुरू करके लगभग आठ महीने लगे। '

### 16 फरवरी से दिल्ली ओपन चैलेंजर मीट



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल डीएलटीए पर 16 से 22 फरवरी तक होने वाले दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे जबकि ब्रिटेन के जे क्लार्क भी इसमें भाग ले रहे हैं। एकल मुख्य ड्रॉ में भारत से सिर्फ नागल को सीधे प्रवेश मिला है। चैलेंजर सर्किट पर लगातार खेलने वाले नागल घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे। प्रतिभाशाली मानस धामने और करण सिंह 15 फरवरी को एकल क्वालीफायर खेलेंगे। जापान के रेइ साकामातो , रियो नोगुची और कजाखस्तान के बेइबित झुकायेव भी इसमें भाग ले रहे हैं। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने कहा,' दिल्ली ओपन इस क्षेत्र में सबसे प्रतिस्पर्धी और पेशेवर ढंग से होने वाला चैलेंजर टूर्नामेंट है। इससे भारत को कई अच्छे खिलाड़ी मिले हैं। इससे डीएलटीए पर प्रशिक्षण लेने वाले युवा खिलाड़ियों को भी भविष्य के लिए प्रेरणा मिलेगी।'

### विश्व कप में अधिक टीम का खेलना अच्छा : राशिद



**चेन्नई।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टी20 विश्व कप के मौजूदा चरण से 20 टीम के विस्तार का स्वागत करते हुए कहा कि इससे और अधिक देशों के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिला है। आईसीसी टी20 विश्व कप का 2026 चरण टीम की संख्या के लिहाज से अब तक का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है। राशिद ने कहा, ' विश्व कप में ज्यादा टीम का होना हमेशा अच्छा है। इससे कई देश इसमें शामिल होगें और आपको बहुत नई प्रतिभाएं देखने को मिलेंगी।

**टी-20 विश्व कप: यादव ने शानदार पारी खेली, टीम को थामा**

# भारत ने जीत से किया आगाज अमेरिका को 29 रन से हराया

*मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह व अक्षर पटेल ने बेहतरीन गेंदबाजी से अमेरिका पर दबाव बनाए रखा।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई




गत चैंपियन भारत ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की दबाव में खेली गई 84 रन की नाबाद पारी के बाद मोहम्मद सिराज (29 रन देकर तीन विकेट) की अगुआई में अनुशासित गेंदबाजी से शनिवार को यहां आईसीसी टी-20 विश्व कप के शुरूआती मैच में अमेरिका को 29 रन से हराकर अपना अभियान शुरू किया। भारतीय टीम अब ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में 12 फरवरी को नामीबिया से भिड़ेगी। खिताब के प्रबल दावेदार भारत के लिए सूर्यकुमार अपने घरेलू मैदान वानखेड़े स्टेडियम में दबाव भरी परिस्थिति में संभलकर खेलते हुए अंत तक डटे रहे।

उन्होंने 49 गेंद की नाबाद पारी में 10 चौके और चार छक्के जड़े। इससे शीर्ष और मध्यक्रम में सामूहिक बल्लेबाजी नाकामी के बावजूद भारत नौ विकेट पर 161 रन बनाने में कामयाब रहा क्योंकि विकेटों के गिरने से एक समय ऐसा लग रहा था कि पारी बहुत जल्दी खत्म हो जाएगी। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए अमेरिका की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन ही बना सकी। उसके लिए संजय कृष्णमूर्ति और शुभम रंजने ने 37-37 रन तथा मिलिंद कुमार ने 34 रन बनाए। भारत के नई गेंद के गेंदबाज अर्शदीप सिंह (18 रन देकर दो विकेट) और सिराज ने अच्छी शुरूआत की जिससे अमेरिका की टीम 10 ओवर में तीन विकेट पर 49 रन ही बना सकी।

**भारत-161/9 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| ईशान का मिलिंद बो वान | 20 |
| अभिषेक का कृष्णमूर्ति बो अली | 00 |
| तिलक का पटेल बो वान | 25 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 84 |
| दुबे का नेत्रवलकर बो वान | 00 |
| रिंकू का मिलिंद बो मोहसिन | 06 |
| पंड्या का साईतेजा बो हरमीत | 05 |
| अक्षर का मोहसिन बो हरमीत | 14 |
| अर्शदीप का मिलिंद बो वान | 04 |
| वरुण चक्रवर्ती रन आउट | 00 |

अतिरिक्त : 03

कुल : 20 ओवर में नौ विकेट पर 161 रन

विकेट पतन : 1-8, 2-45, 3-46, 4-46, 5-72, 6-77, 7-118, 8-140, 9-161

गेंदबाजी: सौरभ 4-0-65-0, अली खान 2-0-13-1, वान शाल्कविक 4-0-25-4, मोहम्मद मोहसिन 4-0-16-1, शुभम 2-0-16-0, हरमीत 4-0-26-2

**अमेरिका-132/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| एंड्रीस का तिलक बो सिराज | 06 |
| साईतेजा का वरुण बो सिराज | 02 |
| मोनांक का दुबे बो अर्शदीप | 00 |
| मिलिंद स्ट ईशान बो वरुण | 34 |
| संजय का रिंकू बो अक्षर | 37 |
| शुभम रंजने पगबाधा बो सिराज | 37 |
| हरमीत का सिराज बो अक्षर | 00 |
| मोहसिन का तिलक बो अर्शदीप | 08 |
| शैडली वान शाल्कविक नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 06

कुल: 20 ओवर में आठ विकेट पर 132 रन

विकेट पतन : 1-8, 2-11, 3-13, 4-71, 5-98, 6-98, 7-110, 8-132

गेंदबाजी: अर्शदीप सिंह 4-0-18-2, मोहम्मद सिराज 4-0-29-3, वरुण चक्रवर्ती 4-0-24-1, अक्षर पटेल 4-0-24-2, हार्दिक पंड्या 4-0-34-0

### भारत-पाक मैच की उम्मीद जगी

■ पीसीबी ने भरोसा दिलाया, सरकार से बात करेंगे

**नई दिल्ली।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर उम्मीद जगी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से इस मैच पर दोबारा विचार करने की अपील की है। पीसीबी 15 फरवरी को होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले के बहिष्कार के फैसले पर सरकार से बातचीत करेगा। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पीसीबी से कहा ने कहा, 'हम भारत के साथ मिलकर इस टूर्नामेंट को होस्ट कर रहे हैं। अगर भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होता है तो हमें रेवेन्यू में भारी नुकसान होगा। दरअसल पाकिस्तान सरकार ने एक फरवरी को पीसीबी को टूर्नामेंट में टीम भेजने की मंजूरी तो दे दी थी, लेकिन भारत के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया था।

## नीदरलैंड्स को हराने में पाकिस्तान के छूटे पसीने



**कोलंबो।** पाकिस्तान ने नीदरलैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के पहले मुकाबले में 3 विकेट से जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत की। यह मैच शनिवार को सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेला गया। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी नीदरलैंड की टीम 19.5 ओवरों में महज 147 रन पर सिमट गई। इस टीम को सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत दिलाई। माइकल लेविट ने मैक्स ओ'डॉउड के साथ 3.1 ओवरों में 28 रन की साझेदारी की।

### फहीम अशरफ ने अंतिम ओवर में दिलाई जीत

इसके जवाब में पाकिस्तान ने 19.3 ओवरों में जीत दर्ज की। फहीम अशरफ (नाबाद 29) ने शाहीन अफरीदी (नाबाद 5) के साथ 20 गेंदों में 34 रन की साझेदारी करते हुए पाकिस्तान को अंतिम ओवर में जीत दिलाई। पाकिस्तान को अंतिम 2 ओवरों में 29 रनों की दरकार थी। 18.2 ओवर में फहीम अशरफ को जीवनदान मिला, जिसका उन्होंने फायदा उठाते हुए टीम को रोमांचक जीत दिलाई। नीदरलैंड की तरफ से आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन ने 2-2 विकेट हासिल किए। एक-एक विकेट लोगान वैन बीक, काइल क्लेन और रोएलोफ वैन डेर मेर्वे के हाथ लगा।

## वेस्टइंडीज ने की जीत के साथ शुरुआत स्कॉटलैंड को हराया, शेफर्ड की हैट्रिक



**कोलकाता।** दो बार की विजेता वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप की शुरुआत जीत के साथ की है। ग्रुप सी के अपने पहले मैच में वेस्टइंडीज ने स्कॉटलैंड को 35 रन से हराया। वेस्टइंडीज के लिए शिमरोन हेटमायर और रोमारियो शेफर्ड हीरो बनकर उभरे। वेस्टइंडीज के दिए 183 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 7 के स्कोर पर माइकल जोंस के रूप में लगा। जोंस 1 रन बनाकर आउट हो गए। दूसरे विकेट के लिए जॉर्ज मुंसे और ब्रैंडन मैकमुलेन के बीच 30 रन की साझेदारी हुई। मुलेन 12 गेंद पर 14 रन बनाकर आउट हुए। 37 के स्कोर पर मुंसे भी 19 रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हो गए। इस समय लग रहा था कि स्कॉटलैंड की पारी जल्द समाप्त हो जाएगी।

**बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल**

## लवलीना का दमदार प्रदर्शन फाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| ला नूसिया

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और विश्व कप स्वर्ण विजेता सचिन सिवाच ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 'बॉक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026' के फाइनल में जगह बना ली। इन दोनों के अलावा 10 अन्य भारतीय मुक्केबाज भी फाइनल में पहुंचे हैं। स्वर्ण पदक की दावेदारी में भारत की आठ महिलाएं और चार पुरुष मुक्केबाज शामिल है।
लवलीना ने 75 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में वेल्स की रोजी एक्लेस को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में भारत का स्वर्ण पदक पक्का हो गया है। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति पवार ने सेमीफाइनल में फ्रांस की आया हम्दी को 5-0 से हराया और अब फाइनल में उनका मुकाबला पूनम से होगा। पूनम ने इंग्लैंड की आइवी-जेन स्मिथ को 4-1 से मात दी।
महिलाओं में फाइनल में पहुंचने वाली अन्य भारतीय मुक्केबाजों में मंजू रानी (48 किग्रा), नीतू घंघास (51 किग्रा), प्रिया (60 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नैना (80 किग्रा) शामिल हैं। सभी ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीते।

### सचिन सिवाच का शानदार फॉर्म जारी

*पुरुष वर्ग में 60 किग्रा में सचिन सिवाच ने इंग्लैंड के जैक ड्रायडन को हराकर अपना शानदार फॉर्म जारी रखा। इसके अलावा दीपक (70 किग्रा), आकाश (75 किग्रा) और अंकुश (80 किग्रा) ने भी जीत दर्ज कर भारत के लिए फाइनल में जगह बनाई। दीपक ने सत्र के सबसे शानदार मुकाबलों में से एक में कजाकिस्तान के विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल्स के रजत पदक विजेता नुरबेक मुरसल को पहले ही दौर में आरएससी से हराया। आकाश और अंकुश ने कजाकिस्तान के मुक्केबाजों के खिलाफ कड़े मुकाबलों में जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया। इस बीच, प्रांजल यादव (65 किग्रा), काजल (65 किग्रा), सनामाचा चानू (75 किग्रा), मनकीरत कौर (80 किग्रा से अधिक), जादुमणि सिंह (55 किग्रा), मोहम्मद हुसामुद्दीन (60 किग्रा) और हितेश गुलिया (70 किग्रा) को सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।*

## कप्तान सैंटनर को तेज गेंदबाजों पर भरोसा

**चेन्नई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उन्हें अपनी तेज गेंदबाजी इकाई की विविधता पर भरोसा है कि वे टी20 विश्व कप के दौरान 'पावरप्ले' और 'डेथ ओवरों' में विपक्षी बल्लेबाजों को शांत रखेंगे, जिसमें गेंदबाज आमतौर पर रन लुटाते हैं। तेज गेंदबाजों से आक्रमण में मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, काइल जैमीसन और जैकब डफी के अलावा ऑलराउंडर जेम्स नीशाम भी शामिल हैं। सैंटनर ने कहा, 'मुझे लगता है कि जब आप भारत आते हैं तो आपको पिच से ज्यादा 'लेटरल मूवमेंट' नहीं दिखता। इसलिए मुझे लगता है कि स्विंग और उछाल अहम है। इसलिए अगर डफी गेंद को स्विंग करा सकते हैं तो वह बल्लेबाजों के लिए एक चुनौती हैं। हमारे सभी तेज गेंदबाज हमें अलग-अलग विकल्प देते हैं।' उन्होंने कहा, 'लॉकी के पास ज्यादा रफ्तार और स्विंग है। जैमीसन दोनों तरफ स्विंग करा सकते हैं। मैट हैनरी गेंद को अंदर ला सकते हैं। डफी स्विंग करा सकते हैं। इसलिए हमें चुनना है कि कौन हमारे लिए सबसे अच्छे होंगे। ' सैंटनर ने कहा कि भारत के खिलाफ हाल में हुई पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला हारने के बावजूद उनकी टीम को कुछ अच्छी बातें पता चली हैं।

**राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप**

## राजा ने जीता स्वर्ण, जेरेमी को कांस्य

एजेंसी ▶▶| मोदीनगर





तमिलनाडु के एम राजा ने राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में पुरुषों के 65 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन जेरेमी लालरिननुंगा सहित मजबूत प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता 26 वर्षीय राजा ने कुल 302 किग्रा (130 किग्रा स्नैच में, 172 किग्रा क्लीन एंड जर्क में) वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड के चारु पेसी ने 296 किग्रा (129 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ रजत पदक हासिल किया।

### जेरेमी का प्रदर्शन फीका

मिजोरम के जेरेमी का प्रदर्शन फीका रहा। 2018 युवा ओलंपिक चैंपियन कुल तीन प्रयासों में असफल रहे, जिसमें दो स्नैच में रहे। उन्हें 295 किग्रा (133 किग्रा और 167 किग्रा) के कुल वजन के साथ कांस्य पदक पर संतोष करना पड़ा। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता शुभम टोडकर का अभियान निराशाजनक रहा। वह 263 किग्रा (118 किग्रा और 145 किग्रा) के कुल वजन के साथ सातवें स्थान पर रहे। सेना के भारोत्तोलक अरुमुगापांडियन महाराजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए युवा और जूनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने 282 किग्रा के कुल वजन से दोनों वर्गों में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**डेविस कप क्वालीफायर : कैश और ग्लासपूल का शानदार प्रदर्शन**

## ब्रिटेन ने नॉर्वे को हराया, दूसरे राउंड में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ओस्लो



ग्रेट ब्रिटेन ने नॉर्वे को 3-0 से हराकर डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे राउंड में जगह बना ली है। यह जीत जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल के डबल्स मैच में 6-2, 2-6, 7-6(5) की जीत की बदौलत मिली। ग्रेट ब्रिटेन अब डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे राउंड में इक्वाडोर या ऑस्ट्रेलिया में से किसी एक का सामना करेगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम नवंबर में फाइनल 8 में पहुंचेगी। डेविस कप क्वालीफायर के दूसरे राउंड के मुकाबले सितंबर में आयोजित होंगे। लियोन स्मिथ की टीम ने न्यूनतम मैचों में जीत दर्ज करते हुए कमजोर नजर आ रही नॉर्वेजियन टीम को मात दी। बुधवार को विश्व नंबर 12 कैस्पर रूड के हटने के बाद नॉर्वे साफतौर पर अंडरडॉग था। खेल के शीर्ष रैंकिंग डबल्स जोड़ी कैश और ग्लासपूल को भी नॉर्वे की अस्थायी जोड़ी निकोलाई बुडकोव क्येर और विक्टर दुरासोविच ने निर्णायक टाईब्रेक तक कड़ी चुनौती दी।

### ड्रेपर ने की कोर्ट में लंबे समय बाद वापसी

इस मुकाबले के पहले मैच पर सभी की निगाहें थीं, क्योंकि ब्रिटिश नंबर 1 जैक ड्रेपर ने मैच कोर्ट में लंबे समय बाद वापसी की, यह अगस्त 2025 के बाद उनका पहला मैच था। ड्रेपर ने उस खिलाड़ी की झलक दिखाई, जो पिछले साल करियर की सबसे ऊंची वर्ल्ड नंबर 4 रैंकिंग पर पहुंचा था, उन्होंने विक्टर डुरासोविक को सिर्फ 61 मिनट में 6-2, 6-2 से हरा दिया। इसके बाद कैम नॉरी ने दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 19 वर्षीय निकोलाई बुडकोव कजेर को 6-4, 6-4 से हराया। दो मुकाबलों की बढ़त के साथ दूसरे दिन में आने के बाद, ब्रिटिश टीम को दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की करने के लिए सिर्फ एक और जीत की जरूरत थी। पिछले साल की एटीपी टूर की नंबर 1 डबल्स टीम, जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल, बुडकोव कजेर और डुरासोविक का सामना करने के लिए मैदान में उतरे।

### ब्रिटिश खिलाड़ियों ने दिखाई काबिलियत


ब्रिटिश खिलाड़ियों ने निर्णायक सेट के टाई-ब्रेक के दबाव वाले पलों में अपनी काबिलियत दिखाई और 6-2, 2-6, 7-6(5) की जीत के साथ ग्रेट ब्रिटेन की जीत पूरी की। जैकब फर्नले फाइनल मैच में बुडकोव कजेर के खिलाफ खेलने आए और एटीपी नेक्स्ट जेन सेमी-फाइनलिस्ट के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। फर्नले ने ब्रिटिश टीम के लिए जीत पर मुहर लगाते हुए 3-6, 6-3, 10-7 से मुकाबला अपने नाम किया। यह मैच एक घंटे 16 मिनट तक चला।

### वतनुकी ने दिलाई जापान को बढ़त

डेविस कप के दूसरे मुकाबलों में, जापान और ऑस्ट्रिया के बीच दो दिवसीय मुकाबले की शुरुआत हुई। योसुके वतनुकी ने सेबेस्टियन ओफनर को 6-3, 6-4 से हराकर जापान को बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद यूरीज रोडियोनोव ने शिंटारो मोचिज़ुकी को 6-4, 7-5 से मात देकर ऑस्ट्रिया के लिए स्कोर बराबर कर दिया। उधर, जर्मनी ने डसेलडोर्फ में यानिक हानफमान और यान-लेनार्ड स्ट्रफ की सीधे सेटों में सिंगल्स जीत के दम पर पेरू के खिलाफ 2-0 की बढ़त बना ली।




## खबर संक्षेप



### आत्मघाती हमले के मामले में 3 गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद पर हुए आत्मघाती हमले के सिलसिले में खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया समुदाय की मस्जिद में आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए।

### ईरान और यूएस ने ओमान में वार्ता की

**मस्कट।** ईरान और अमेरिका ने ओमान में अप्रत्यक्ष वार्ता की। यह बातचीत तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर चर्चा के तरीके को लेकर फिर शुरुआती बिंदु पर लौटती दिखी लेकिन पहली बार अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपने शीर्ष सैन्य कमांडर को भी इसमें शामिल किया। मस्कट में वार्ता के दौरान अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख नौसेना एडमिरल ब्रैड कूपर की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और अन्य युद्धपोत अब ईरान के तट के पास अरब सागर में तैनात हैं।

### सिक्किम में 4.7 तीव्रता का भूकंप आया

**गंगटोक।** सिक्किम के कुछ हिस्सों में शनिवार शाम 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शाम 6:35 बजे आए इस भूकंप का केंद्र पश्चिम सिक्किम के मानेबंग से 11 किमी दूर था। सिक्किम आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि किसी के घायल होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### बांग्लादेश:पूर्व विदेश मंत्री ने चुनाव को पाखंड बताया

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन ने दावा किया है कि उनके देश में होने वाले आगामी संसदीय चुनाव एक पाखंड है, उन्होंने यूएस से चुनाव प्रक्रिया को खारिज कर मान्यता देने से बचने की अपील की। मोमेन के अनुसार चूंकि ज्यादातर पार्टियों को चुनाव लड़ने से बैन किया गया है और कई लोगों को भागीदारी से रोका गया है, इसलिए इसे तरजीह नहीं दी जानी चाहिए। पूर्व विदेश मंत्री ने एक इंटरव्यू में आरोप लगाया कि 12 फरवरी को होने



## भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर बोले 'दिग्गज'

# भारत को होंगे बड़े फायदे, निर्यात बढ़ेगा उद्योग मजबूत होंगे व रोजगार भी बढ़ेंगे

### भरोसा दिलाया-समझौते में किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों की सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के लिए कई बड़े फायदे लेकर आएगा। इससे निर्यात बढ़ेगा, मजदूर-आधारित उद्योग मजबूत होंगे और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राजनाथ सिंह ने भरोसा दिलाया कि इस समझौते में किसानों और कृषि क्षेत्र के हितों की पूरी तरह सुरक्षा की गई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत-अमेरिका के बीच यह समझौता देश की आर्थिक यात्रा में एक अहम कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ढांचा बेहतर निवेश को आकर्षित करेगा और भारत को लंबे समय तक आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों की सराहना की।

*राजनाथ ने समझौते की अंतरिम रूपरेखा की सराहना की*

देश की आर्थिक यात्रा में एक अहम कदम



### हर्षवर्धन ने बताया अहम और फायदेमंद



पूर्व विदेश सचिव और राज्यसभा सांसद हर्षवर्धन श्रृंगला ने समझौते को बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि यह डील यूरोपीय संघ के साथ हुए बड़े समझौते के तुरंत बाद आई है, जिससे भारतीय निर्यातकों, छोटे उद्योगों, किसानों और मजदूरों को बड़ा फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे 30 ट्रिलियन डॉलर के बड़े बाजार तक भारत को बेहतर पहुंच मिलेगी, जिससे निर्यात तेजी से बढ़ेगा। यूरोपीय संघ के साथ मिलाकर भारत को लगभग 60 ट्रिलियन डॉलर के वैश्विक बाजार तक पहुंच मिलेगी।

### एफआईसीसीआई अध्यक्ष बोले आर्थिक रिश्ते और बढ़ेंगे



फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) के अध्यक्ष अनंत गोयनका ने व्यापार समझौते को दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों के लिए बड़ा कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते से टैरिफ कम होंगे, नियमों की जटिलताएं घटेंगी और कई सेक्टरों में नए मौके खुलेंगे। जब भारत खुद को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में मजबूत कर रहा है, तब यह समझौता और अहम हो जाता है।

### कांग्रेस बोली- हार गए हाउडी मोदी भारत को होगा नुकसान



कांग्रेस ने इसे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जीत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी हार बताया। भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यह समझौता अमेरिका के फायदे में है और इससे भारत को नुकसान हो सकता है। जयराम ने तंज कसते हुए कहा कि नमस्ते ट्रंप जीते, हाउडी मोदी हारे। सरकार ने जो संयुक्त बयान जारी किया है, उसमें पूरी जानकारी नहीं दी गई है। पहली बात यह है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और अगर खरीदा तो अमेरिका 25 फीसदी टैरिफ लगा सकता है। भारत अमेरिका से आने वाले कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क कम करेगा या खत्म करेगा।

### स्पाइसजेट चेयरमैन ने बताया ऐतिहासिक



स्पाइसजेट के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर अजय सिंह ने समझौते को देश के लिए ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता 'मेड इन इंडिया' ब्रांड को मजबूती देगा और भारत की वैश्विक पहचान को और मजबूत करेगा। सिंह ने इस उपलब्धि के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वैश्विक चुनौतियों के बीच देश के 140 करोड़ लोगों के हितों को प्राथमिकता देते हुए यह समझौता कराया है।

### फार्मा सेक्टर ने समझौते का किया स्वागत



इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस ने भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते का स्वागत किया है। आईपीए के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा कि भारत-अमेरिका दवा साझेदारी मजबूत होना जरूरी है, क्योंकि दवा सुरक्षा देश की सुरक्षा से जुड़ी है। उन्होंने बताया कि इस समझौते में जेनेरिक दवाओं को टैरिफ से छूट दी गई है। अमेरिका में फार्मास्युटिकल उत्पादों पर जांच जारी रहेगी, जो अन्य मुक्त व्यापार समझौतों जैसी ही प्रक्रिया है।

## अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा

# भारत-यूएस व्यापार समझौते का श्रेय पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप को जाता है



*पीएम मोदी ने प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद दिया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क सामने आ चुका है। इस पर विशेषज्ञों की प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। इस बीच भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने फ्रेमवर्क की जानकारी साझा करते हुए दोनों देशों के बीच हुए समझौते का क्रेडिट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए अमेरिकी राजदूत ने लिखा, एक नया दिन! इसे हासिल करने में उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण के लिए सारा श्रेय राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी को जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, हमने अपने दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर सहमति जताई है। मैं हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, यह रूपरेखा हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाती है। यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, एमएसएमई, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर 'मेक इन इंडिया' को मजबूत करती है। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। भारत और अमेरिका इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और यह रूपरेखा हमारे बीच निवेश और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप को मजबूत करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार समझौते की रूपरेखा मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगी व वैश्विक विकास में योगदान देगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे भारत 'विकसित राष्ट्र' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### आर्थिक सहयोग होंगे मजबूत

इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह व्यापार समझौता भारत-अमेरिका के आर्थिक सहयोग को मजबूत करेगा। यह हमारे लोगों और व्यवसायों के लिए स्थायी विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, व्यापार समझौते की रूपरेखा के तहत अमेरिका भारतीय सामानों पर आपसी टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा, जिससे दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी में टेक्सटाइल और कपड़ों, चमड़े और फुटवियर, प्लास्टिक और रबर प्रोडक्ट्स, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, कारीगरी वाले प्रोडक्ट्स और चुनिंदा मशीनरी जैसे अहम सेक्टर में बड़ा मार्केट मौका मिलेगा।

## 19 फरवरी को बैठक की संभावना

# वॉशिंगटन में होगी ट्रंप के बनाए 'बोर्ड ऑफ पीस' की पहली बैठक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



गाजा के पुनर्निर्माण हेतु फंड जुटाने की कोशिश के तहत वाशिंगटन में बोर्ड ऑफ पीस की बैठक आयोजित की जाएगी। अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सियोस ने ये जानकारी दी है। एक अमेरिकी अधिकारी और बोर्ड का हिस्सा रहे चार देशों के राजनयिकों के हवाले से आउटलेट ने शुक्रवार को रिपोर्ट दी कि 19 फरवरी को बैठक की योजना है। इसका प्रमुख एजेंडा गाजा पुनर्निर्माण के लिए फंड जुटाना होगा। हालांकि इन्हीं लोगों ने ये भी कहा कि इस तारीख में बदलाव संभव है। वहीं इजरायली मीडिया ने भी दो अरब देशों के राजनयिकों के हवाले से इसकी पुष्टि की है। राजनयिकों ने बताया कि अमेरिका ने शुक्रवार दोपहर को पैनल में शामिल 26 दूसरे देशों को न्योता भेजा। ऐसा एक्सियोस न्यूज साइट ने अपनी रिपोर्ट में बताया था। हालांकि अंदेशा जताया जा रहा है कि चूंकि यह तारीख रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के साथ पड़ेगी, मुस्लिम नेताओं के शामिल होने में दिक्कत आ सकती है। अमेरिका ने पिछले महीने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के मौके पर बोर्ड ऑफ पीस के लिए एक साइनिंग सेरेमनी आयोजित की थी। लेकिन कई देश इसमें शामिल नहीं हुए थे। ज्यादातर देशों को इस प्रमुख समारोह के लिए न्योता भेजा गया था। कथित तौर पर बोर्ड ऑफ पीस के चार्टर को लेकर असुविधा के कारण कइयों ने दूरी बना ली थी।

## विस्थापितों को ले जा रहे वाहन को बनाया निशाना

# सूडान में आरएसएफ के हमले में 8 बच्चे समेत 24 की मौत



एजेंसी ▶▶ खार्तूम

सूडान में पिछले तीन साल से जारी गृह युद्ध के चलते देश में मानवीय संकट और ज्यादा गहरा होता जा रहा है। सेना और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच जारी संघर्ष ने देश की राजनीतिक पारदर्शिता को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। इसी बीच सूडान के नॉर्थ कोर्डोफान प्रांत के रहाद के पास शनिवार को एक ड्रोन हमले में कम से कम 24 लोग मारे गए, जिनमें आठ बच्चे भी शामिल हैं। यह हमला देश के कुख्यात पैरा-मिलिट्री समूह रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने किया। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार मृतकों में दो शिशु भी शामिल हैं। हमला उस वाहन पर हुआ था जिसमें दुबेकिर इलाके से भागे हुए विस्थापित लोग जा रहे थे। डॉक्टर्स,अंतरराष्ट्रीय समुदाय और मानवाधिकार संगठनों से अपील की है कि वे सिविलियनों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और आरएसएफ नेतृत्व को इन अपराधों के लिए सीधे जिम्मेदार ठहराएं। हालांकि इस हमले को लेकर आरएसएफ की ओर अभी इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं आई है। यह संगठन पिछले लगभग तीन वर्षों से सूडानी सेना के खिलाफ देश पर कब्जा करने के लिए युद्ध में लगा हुआ है।

## जेम्स वेब टेलीस्कोप का बड़ा धमाका

# खोजी गई ब्रह्मांड की सबसे पुरानी 28 करोड़ साल पुरानी आकाशगंगा

दूरबीन पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर रहकर दे रही जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐसी ऐतिहासिक खोज हुई है जिसने पूरी वैज्ञानिक दुनिया को अचंभित कर दिया है। नासा ने घोषणा की है कि जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने अब तक की सबसे पुरानी और सबसे दूर स्थित आकाशगंगा (गैलेक्सी) को ढूंढ निकाला है। इस आकाशगंगा को ' मोम-जेड 14' नाम दिया गया है। यह खोज हमें ब्रह्मांड के उस शुरुआती दौर की जानकारी दे रही है, जब पहले सितारे और आकाशगंगाएं आकार ले रही थीं। यह खोजी गई आकाशगंगा 'बिग बैंग' के मात्र 28 करोड़ साल बाद की है। इसकी रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग 1350 करोड़ साल का समय लगा है, जो इसे मानव इतिहास की सबसे दूरस्थ खोज बनाता है। जेम्स वेब टेलीस्कोप, जिसे अमेरिका, यूरोप और कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसियों ने मिलकर बनाया है, दुनिया की सबसे शक्तिशाली दूरबीन है। 25 दिसंबर 2021 को लॉन्च हुई यह दूरबीन पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर रहकर अंतरिक्ष के रहस्यों को सुलझा रही है। अपनी खास 'इंफ्रारेड तकनीक' के कारण यह टेलीस्कोप अंतरिक्ष के उन धूल भरे बादलों के पार भी देख सकता है, जहां पुरानी दूरबीनें नाकाम हो जाती थीं। यह मशहूर हबल टेलीस्कोप से करीब 100 गुना अधिक शक्तिशाली है। वैज्ञानिकों का मुख्य उद्देश्य इस टेलीस्कोप के जरिए न केवल ब्रह्मांड की शुरुआत का पता लगाना है। बल्कि सौर मंडल से बाहर के ग्रहों पर पानी और जीवन के संकेतों की खोज करना भी है। अब तक इसने कई ग्रहों पर पानी और गैसों की मौजूदगी का सफल पता लगाया है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप ने दिखाई सख्ती

# दोनों देशों को डेडलाइन की जारी, कहा खत्म करो जंग वर्ना मुश्किलें बढ़ेंगी

युद्ध समाप्त करने के लिए जून 2026 तक की समय सीमा तय

एजेंसी ▶▶ कीव



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि अमेरिका ने यूक्रेन और रूस को युद्ध समाप्त करने के लिए जून 2026 तक की समयसीमा दी है। यह युद्ध लगभग चार साल से जारी है और अब अमेरिका इसे जल्द खत्म करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। जेलेंस्की ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यदि जून तक कोई समझौता नहीं होता है, तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन दोनों पक्षों पर दबाव बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहता है कि गर्मियों की शुरुआत तक युद्ध खत्म करने की दिशा में ठोस नतीजे सामने आएं। जेलेंस्की के अनुसार, अमेरिकी पक्ष का मानना है कि अब युद्ध को और लंबा खींचने से क्षेत्रीय और वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी। इसलिए वाशिंगटन चाहता है कि जून तक सभी घटनाओं, शर्तों और समझौतों की एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार हो जाए। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और इसके लिए कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक दबाव का इस्तेमाल किया जा सकता है। हालांकि, रूस की ओर से इस समयसीमा या प्रस्ताव पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विश्लेषकों का मानना है कि अगर जून तक कोई समाधान नहीं निकलता है, तो संघर्ष और ज्यादा जटिल हो सकता है।

## अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी का भंडाफोड़, पहले से रख रहे थे नजर

# समंदर में चला रहे थे अवैध कारोबार, भारतीय कोस्ट गार्ड ने 3 जहाज पकड़े

- 100 नॉटिकल मील पश्चिम में तीन जहाजों को रोका
- बोर्डिंग टीम ने जहाजों की तलाशी ली और इलेक्ट्रॉनिक डेटा चेक किया
- दस्तावेजों की जांच की और क्रू से पूछताछ की, इससे पूरा खुलासा हुआ

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय कोस्ट गार्ड ने शुक्रवार को एक बड़े अंतरराष्ट्रीय तेल तस्करी रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह कार्रवाई समंदर और हवाई निगरानी में चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन के दौरान की गई। इस ऑपरेशन के दौरान कोस्ट गार्ड ने तीन जहाजों को जब्त किया है।

ये जहाज मुंबई के पास समंदर में अवैध तरीके से तेल की तस्करी कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि यह गिरोह युद्धग्रस्त देशों से बड़ी मात्रा में सस्ता तेल खरीदता था। अंतरराष्ट्रीय समंदर सीमा में इस तेल को बीच समंदर में ही दूसरे मोटर टैंकरों में ट्रांसफर करके मोटा मुनाफा कमा रहे थे। इस पूरे नेटवर्क को अलग-अलग देशों में बैठे हैंडलर चला रहे थे, जो तेल की बिक्री और ट्रांसफर का काम संभालते थे। कोस्ट गार्ड के जहाजों ने गुरुवार को मुंबई से करीब 100 नॉटिकल मील पश्चिम में तीन जहाजों को रोका। बोर्डिंग टीम ने जहाजों की तलाशी ली और इलेक्ट्रॉनिक डेटा चेक किया।



इसके अलावा दस्तावेजों की जांच की और क्रू से पूछताछ की। इससे अपराधियों की पूरी चेन और उनका तरीका सामने आया। कोस्ट गार्ड की तकनीक से लैस सिस्टम ने भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र में एक मोटर टैंकर की संदिग्ध गतिविधि पकड़ी।

### कानून से बचने के लिए छिपाते थे पहचान

*5 फरवरी को आईसीजी की विशेष टीमों ने जहाजों पर चढ़कर जांच की और डिजिटल सबूतों की पुष्टि के बाद तीनों को पकड़ लिया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये जहाज कानून से बचने के लिए बार-बार अपनी पहचान बदलते थे और इनके मालिक विदेशी देशों में रहते हैं। तटरक्षक बल ने बताया कि पकड़े गए जहाजों को आगे की जांच और कार्रवाई के लिए मुंबई लाया जा सकता है, जहां उन्हें भारतीय कस्टम और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंपा जाएगा। यह ऑपरेशन डिजिटल सर्विलांस और समुद्र में बढ़ती तटरक्षक मौजूदगी के जरिए संभव हुआ, जो अंतरराष्ट्रीय समुद्री नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28